This Booklet contains **64** printed pages.
इस पुस्तिका में **64** मुद्रित पृष्ठ हैं।

# AK14II

**Test Booklet No.**
परीक्षा पुस्तिका संख्या

**PAPER—II : MAIN TEST BOOKLET**
**प्रश्न-पत्र—II : मुख्य परीक्षा पुस्तिका**

**Test Booklet Code**
परीक्षा पुस्तिका संकेत

# M

Do not open this Test Booklet until you are asked to do so.
इस परीक्षा पुस्तिका को तब तक न खोलें जब तक कहा न जाए।
Read carefully the Instructions on the Back Cover of this Test Booklet.
इस परीक्षा पुस्तिका के पिछले आवरण पर दिए गए निर्देशों को ध्यान से पढ़ें।

## *Instructions for Candidates :*

1. The OMR Answer Sheet is inside this Test Booklet. When you are directed to open the Test Booklet, take out the Answer Sheet and fill in the particulars on **Side-1** and **Side-2** carefully with **blue/black** ballpoint pen only.
2. The test is of **2½ hours** duration and consists of **150** questions. There is no negative marking.
3. Use **Blue/Black Ballpoint Pen only** for writing particulars on this page/marking responses in the Answer Sheet.
4. The CODE for this Booklet is **M**. Make sure that the CODE printed on **Side-2** of the Answer Sheet is the same as that on this Booklet. Also ensure that your Test Booklet No. and Answer Sheet No. are the same. In case of discrepancy, the candidate should immediately report the matter to the Invigilator for replacement of both the Test Booklet and the Answer Sheet.
5. This Test Booklet has **Five** Parts—I, II, III, IV and V, consisting of **150** Objective Type Questions and each carrying 1 mark :

| | | |
|---|---|---|
| Part–I | : Child Development and Pedagogy | (Q. Nos. 1–30) |
| Part–II | : Mathematics and Science | (Q. Nos. 31–90) |
| Part–III | : Social Studies/Social Science | (Q. Nos. 31–90) |
| Part–IV | : Language–I (English/Hindi) | (Q. Nos. 91–120) |
| Part–V | : Language–II (English/Hindi) | (Q. Nos. 121–150) |

6. Candidates have to do Question Nos. 31 to 90 **EITHER** from Part–II (Mathematics and Science) **OR** from Part–III (Social Studies/Social Science).
7. Part–IV contains 30 questions for Language–I and Part–V contains 30 questions for Language–II. In this Test Booklet, only questions pertaining to English and Hindi Language have been given. **In case the language(s) you have opted for as Language–I and/or Language–II is a language other than English or Hindi, please ask for a Test Booklet that contains questions on that Language. The languages being answered must tally with the languages opted for in your Application Form.**
8. **Candidates are required to attempt questions in Part–V (Language–II) in a language other than the one chosen as Language–I (in Part–IV) from the list of languages.**
9. Rough work should be done only in the space provided in the Test Booklet for the same.
10. The answers are to be recorded on the OMR Answer Sheet only. Mark your responses carefully. No whitener is allowed for changing answers.

## *परीक्षार्थियों के लिए निर्देश :*

1. OMR उत्तर-पत्र इस परीक्षा पुस्तिका के अन्दर रखा है। जब आपको परीक्षा पुस्तिका खोलने को कहा जाए, तो उत्तर-पत्र निकालकर **पृष्ठ-1** एवं **पृष्ठ-2** पर ध्यान से केवल **नीले/काले** बॉलपॉइंट पेन से विवरण भरें।
2. परीक्षा की अवधि **2½ घण्टे** है एवं परीक्षा में **150** प्रश्न हैं। कोई ऋणात्मक अंकन नहीं है।
3. इस पृष्ठ पर विवरण अंकित करने एवं उत्तर-पत्र पर निशान लगाने के लिए **केवल नीले/काले बॉलपॉइंट पेन** का प्रयोग करें।
4. इस पुस्तिका का संकेत **M** है। यह सुनिश्चित कर लें कि इस पुस्तिका का संकेत, उत्तर-पत्र के **पृष्ठ-2** पर छपे संकेत से मिलता है। यह भी सुनिश्चित कर लें कि परीक्षा पुस्तिका संख्या और उत्तर-पत्र संख्या मिलते हैं। अगर यह भिन्न हो, तो परीक्षार्थी दूसरी परीक्षा पुस्तिका और उत्तर-पत्र लेने के लिए निरीक्षक को तुरन्त अवगत कराएँ।
5. इस परीक्षा पुस्तिका में **पाँच** भाग—I, II, III, IV और V हैं, जिनमें **150** वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं तथा प्रत्येक 1 अंक का है :

| | | |
|---|---|---|
| भाग–I | : बाल विकास और शिक्षा-शास्त्र | (प्रश्न सं० 1–30) |
| भाग–II | : गणित और विज्ञान | (प्रश्न सं० 31–90) |
| भाग–III | : सामाजिक अध्ययन/सामाजिक विज्ञान | (प्रश्न सं० 31–90) |
| भाग–IV | : भाषा–I (अंग्रेज़ी/हिन्दी) | (प्रश्न सं० 91–120) |
| भाग–V | : भाषा–II (अंग्रेज़ी/हिन्दी) | (प्रश्न सं० 121–150) |

6. परीक्षार्थियों को प्रश्न सं० 31 से 90 **या तो** भाग–II (गणित और विज्ञान) **या** भाग–III (सामाजिक अध्ययन/सामाजिक विज्ञान) से करने हैं।
7. भाग–IV में भाषा–I के लिए 30 प्रश्न और भाग–V में भाषा–II के लिए 30 प्रश्न दिए गए हैं। इस परीक्षा पुस्तिका में केवल अंग्रेज़ी व हिन्दी भाषा से सम्बन्धित प्रश्न दिए गए हैं। **यदि भाषा–I और/या भाषा–II में आपके द्वारा चुनी गई भाषा(एँ) अंग्रेज़ी या हिन्दी के अलावा है, तो कृपया उस भाषा वाली परीक्षा पुस्तिका माँग लीजिए। जिन भाषाओं के प्रश्नों के उत्तर आप दे रहे हैं वह आवेदन पत्र में चुनी गई भाषाओं से अवश्य मेल खानी चाहिए।**
8. **परीक्षार्थी भाग–V (भाषा–II) के लिए, भाषा सूची से ऐसी भाषा चुनें जो उनके द्वारा भाषा–I (भाग–IV) में चुनी गई भाषा से भिन्न हो।**
9. रफ़ कार्य परीक्षा पुस्तिका में इस प्रयोजन के लिए दी गई खाली जगह पर ही करें।
10. सभी उत्तर केवल OMR उत्तर-पत्र पर ही अंकित करें। अपने उत्तर ध्यानपूर्वक अंकित करें। उत्तर बदलने हेतु श्वेत रंजक का प्रयोग निषिद्ध है।

Name of the Candidate (in Capitals) : ______________________
परीक्षार्थी का नाम (बड़े अक्षरों में)

Roll Number (in figures) : ______________________
अनुक्रमांक (अंकों में)

(in words) : ______________________
(शब्दों में)

Centre of Examination (in Capitals) : ______________________
परीक्षा केन्द्र (बड़े अक्षरों में)

Candidate's Signature : ______________________
परीक्षार्थी के हस्ताक्षर

Invigilator's Signature : ______________________
निरीक्षक के हस्ताक्षर


Facsimile signature stamp of Centre Superintendent ______________________


## PART—I / भाग—I


## CHILD DEVELOPMENT AND PEDAGOGY / बाल विकास और शिक्षा-शास्त्र


***Directions*** : Answer the following questions by selecting the *most appropriate option.*

1. Which of the following figures correctly represents the development according to Piaget's developmental theory?

(1) 


(2) 


(3) 


(4) 



2. A teacher found that a student is facing difficulty in drawing a square. He/She assumes that this student would also find it difficult to draw a diamond. He/She applies which of the following principles to arrive at his/her assumption?
   (1) Development tends to follow an orderly sequence
   (2) Development is saltatory
   (3) Development is gradual
   (4) Development is different for different people


3. Which one of the following statements is true regarding the role of heredity and environment in human development?
   (1) The role of environment is almost fixed, whereas the impact of heredity can be altered
   (2) The theories based on the 'behaviourism' are largely based on the role of 'nature' in human development
   (3) The relative effects of heredity and environment vary in different areas of development
   (4) The policy of compensatory discrimination of the Government of India is based on the role of 'nature' in human development


**निर्देश** : निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए **सबसे उचित विकल्प** चुनिए।

1. पियाजे के विकासात्मक सिद्धान्त के परिप्रेक्ष्य में निम्नलिखित में से कौन-सा आरेख विकास को समुचित रूप से स्पष्ट करता है?

(1) 


(2) 


(3) 


(4) 


2. एक अध्यापक/अध्यापिका ने पाया कि एक विद्यार्थी वर्ग बनाने में कठिनाई अनुभव कर रहा है। उसने अनुमान लगाया कि वह हीरे (diamond) का चित्र बनाने में भी कठिनाई अनुभव करेगा। उसने निम्नलिखित में से किस सिद्धान्त पर आधारित होकर यह अनुमान लगाया?
   (1) विकास एक व्यवस्थित क्रम में होने की प्रवृत्ति से सम्बद्ध है
   (2) विकास की प्रक्रिया एक उत्परिवर्तनीय प्रक्रिया है
   (3) विकास निरन्तरीय होता रहता है
   (4) अलग-अलग लोगों के लिए विकास की प्रक्रिया भी अलग-अलग होती है

3. मानवीय विकास में आनुवंशिकता एवं परिवेश की भूमिका के सन्दर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन समुचित है?
   (1) परिवेश की भूमिका लगभग स्थिर-सी रहती है जबकि आनुवंशिकता का प्रभाव परिवर्तित हो सकता है
   (2) 'व्यवहारवाद' के सिद्धान्त प्रायः मानवीय विकास में 'प्रकृति' की भूमिका पर आधारित हैं
   (3) विकास के विभिन्न क्षेत्रों में आनुवंशिकता एवं परिवेश का सापेक्षिक प्रभाव परिवर्तनशील है
   (4) भारत सरकार की विभेदात्मक क्षतिपूरकता (compensatory discrimination) सम्बन्धी नीति मानवीय विकास में 'प्रकृति' की भूमिका पर आधारित है

4. In the context of socialization, schools often have a hidden curriculum which consists of

(1) forcible learning, thinking and behaving in particular ways by imitating peers and teachers

(2) the informal cues about social roles presented in schools through interaction and materials

(3) negotiating and resisting socialization of students through their families

(4) teaching and assessment of values and attitudes

5. Which of the following implications ***cannot*** be derived from Piaget's theory of cognitive development?

(1) Sensitivity to children's readiness to learn

(2) Acceptance of individual differences

(3) Discovery learning

(4) Need of verbal teaching

6. Which of the following is a characteristic of Kohlberg's stages of moral development?

(1) Variable sequence of stages

(2) Stages are isolated responses and not general pattern

(3) Universal sequences of stages across all cultures

(4) Stages proceed in a non-hierarchic manner

7. Teachers and students draw on one another's expertise while working on complex projects related to real world problems in —— classroom.

(1) traditional

(2) constructivist

(3) teacher-centric

(4) social-constructivist

4. समाजीकरण के सन्दर्भ में विद्यालयों के पास प्रायः एक प्रच्छन्न पाठ्यचर्या विद्यमान रहती है, जिसमें निहित हैं

(1) बलात्मक अधिगम, चिंतन व समकक्षीय साथी एवं अध्यापक की अनुकृति द्वारा विशेष रूप से अपनाया जाने वाला व्यवहार

(2) अन्तःक्रिया व सामग्री द्वारा विद्यालयों में प्रस्तुत किए जाने वाले सामाजिक भूमिकाओं से सम्बद्ध अनौपचारिक संकेत

(3) परिवारों के माध्यम से विद्यार्थियों का समझौतापूर्ण (negotiating) व प्रतिरोधात्मक समाजीकरण

(4) मूल्यों व अभिवृत्तियों का शिक्षण एवं आकलन

5. निम्नलिखित में से कौन-सा निहितार्थ पियाजे के संज्ञानात्मक विकास के सिद्धान्त से **नहीं** निकाला जा सकता?

(1) बच्चों की अधिगमनात्मक तत्परता के प्रति संवेदनशीलता

(2) वैयक्तिक भेदों की स्वीकृति

(3) खोजपूर्ण अधिगम

(4) शाब्दिक शिक्षण की आवश्यकता

6. निम्नलिखित में से कौन-सा कोह्लबर्ग के नैतिक विकास के चरणों का लक्षण है?

(1) चरणों का परिवर्तनशील अनुक्रम

(2) विभिन्न चरण अलग-अलग प्रत्युत्तर हैं न कि सामान्य प्रतिमान

(3) सभी संस्कृतियों से सम्बद्ध चरणों की सार्वभौम शृंखला

(4) विभिन्न चरण एक गैर-पदानुक्रम रूप में आगे की ओर बढ़ते हैं

7. —— कक्षा में वास्तविक सांसारिक समस्याओं से सम्बद्ध जटिल परियोजनाओं पर कार्य करते हुए अध्यापक व छात्र एक-दूसरे के अनुभवों से परस्पर ग्रहण करते रहते हैं।

(1) पारम्परिक

(2) रचनात्मक (Constructivist)

(3) अध्यापक-केन्द्रित

(4) सामाजिक-रचनात्मक

**8.** In the context of progressive education, the term 'equal educational opportunity' implies that all students should

(1) receive equal education irrespective of their caste, creed, colour, region and religion

(2) be allowed to prove their capability after receiving an equal education

(3) be provided an education by using the same methods and materials without any distinction

(4) be provided an education which is most appropriate to them and their future life at work

**9.** In the context of language development, which of the following areas was underestimated by Piaget?

(1) Heredity

(2) Social interaction

(3) Egocentric speech

(4) Active construction by the child

**10.** An eleven-year-old child's score on Stanford-Binet Intelligence Scale is 130. By assuming $\mu = 100$ and $\sigma = 15$ in a normal probability curve, calculate the percentage of 11-year-old children this child has scored better than.

(1) 98%

(2) 88%

(3) 78%

(4) 80%

**11.** Which of the following observations supports Howard Gardner's theory of multiple intelligences?

(1) Damage to one part of the brain affects only a particular ability sparing others

(2) Intelligence is an interaction of analytical, creative and practical intelligences

(3) Different intelligences are hierarchical in nature

(4) Teachers should follow one specific theory of educational innovation at the time of designing instruction

**8.** प्रगतिशील शिक्षा के सन्दर्भ में 'समान शैक्षिक अवसर' से अभिप्राय है कि सभी छात्र

(1) किसी भी जाति, पन्थ, रंग, क्षेत्र व धर्म के होते हुए भी समान शिक्षा प्राप्त करें

(2) समान शिक्षा पाने के बाद अपनी क्षमताओं को सिद्ध कर सकें

(3) बिना किसी भेद के समान पद्धतियों व सामग्रियों से शिक्षा प्राप्त करें

(4) ऐसी शिक्षा पाएँ जो उनके लिए अनुकूलतम हो तथा उनके भविष्य के कार्यों में सहायक हो

**9.** भाषा-विकास के सन्दर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा क्षेत्र पियाजे के द्वारा कमतर आँका गया?

(1) आनुवंशिकता

(2) सामाजिक अन्तःक्रिया

(3) अहं-केन्द्रित भाषा

(4) विद्यार्थी द्वारा सक्रियात्मक रचना

**10.** एक ग्यारह-वर्षीय बच्चे ने 'स्टैनफोर्ड-बिने बुद्धि मापनी' में 130 अंक पाए। मान लीजिए कि एक सामान्य सम्भाव्य वक्र में $\mu = 100$ तथा $\sigma = 15$ है, तो उन ग्यारह-वर्षीय बच्चों के प्रतिशत की गणना कीजिए जिनसे इस बच्चे ने बेहतर अंक प्राप्त किए।

(1) 98%

(2) 88%

(3) 78%

(4) 80%

**11.** निम्नलिखित में से कौन-सा निरीक्षण हॉवर्ड गार्डनर के बहुविध-बुद्धि सिद्धान्त का समर्थन करता है?

(1) मस्तिष्क के एक भाग में हुई क्षति केवल किसी एक विशिष्ट योग्यता को प्रभावित करती है न कि सम्पूर्ण को

(2) बुद्धि विश्लेषणात्मक, सृजनात्मक एवं व्यवहारात्मक बुद्धियों की अन्तःक्रिया है

(3) विभिन्न बुद्धियाँ अपने स्वरूप में पदानुक्रमात्मक हैं

(4) अनुदेशन के प्रारूप का निर्माण करते समय अध्यापकों को किसी एक विशिष्ट शैक्षिक नवाचार के सिद्धान्त का अनुपालन करना चाहिए

12. Which one of the following statements is true about ability and ability grouping?

(1) Students learn better in homogeneous groups

(2) For smooth and effective teaching, class should be homogeneous

(3) Children are intolerant and do not accept differences

(4) Teachers may use multilevel teaching to cater to different ability groups

13. Which one of the following statements is true?

(1) The formative assessment can sometimes be summative assessment and vice versa

(2) The summative assessment implies that assessment is a continuous and integral part of learning

(3) The major objective of the formative assessment is to grade the achievement of students

(4) The formative assessment summarizes the development of learners during a time interval

14. A teacher asks his/her students to draw a concept map to reflect their comprehension of a topic. He/She is

(1) jogging the memory of the students

(2) conducting formative assessment

(3) testing the ability of the students to summarize the main points

(4) trying to develop rubrics to evaluate the achievement of the students

15. Which one of the following represents the domain 'evaluating' in the Bloom's revised taxonomy?

(1) Creating a graph or chart using the data

(2) Judging the logical consistency of a solution

(3) Evaluating the pertinence of the data provided

(4) Formulating a new way for categorizing objects

12. योग्यता व योग्यता समूहीकरण के परिप्रेक्ष्य में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य है?

(1) विद्यार्थी सम-समूहों में बेहतर सीखते हैं

(2) अबाध व प्रभावी शिक्षण हेतु कक्षा को समरूपी (homogeneous) होना चाहिए

(3) छात्र असहिष्णु होते हैं व भेदों को स्वीकार नहीं करते

(4) विभिन्न योग्यता वाले समूहों को ग्रहण करने के लिए अध्यापकों को बहु-स्तरीय शिक्षण को अपनाना चाहिए

13. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य है?

(1) रचनात्मक आकलन कभी-कभी संकलनात्मक हो सकता है एवं इसी प्रकार विपरीततः

(2) संकलनात्मक आकलन से अभिप्राय है कि आकलन अधिगम का एक निरन्तर व अभिन्न अंग है

(3) रचनात्मक आकलन का मुख्य उद्देश्य है विद्यार्थियों की उपलब्धि का श्रेणीकरण

(4) रचनात्मक आकलन समय-समय पर शिक्षार्थियों के विकास का सार प्रस्तुत करता है

14. एक अध्यापक/अध्यापिका विद्यार्थियों को किसी विषय की अपनी अवबोधनात्मकता को प्रतिबिम्बित करते हुए संकल्पनात्मक मानचित्र (concept map) का निर्माण करने को कहता/कहती है। वह

(1) विद्यार्थियों की स्मृतियों को मंथर गति से जागरित कर रहा/रही है

(2) रचनात्मक आकलन कर रहा/रही है

(3) छात्रों की मुख्य बिन्दुओं का सार लिखने की क्षमता का परीक्षण कर रहा/रही है

(4) छात्रों की उपलब्धि के मूल्यांकन हेतु शीर्षकों (rubrics) के विकास का प्रयास कर रहा/रही है

15. निम्नलिखित में से कौन-सा ब्लूम के पुनर्संशोधित वर्गीकरण में 'मूल्यांकन' (evaluating) के क्षेत्र को प्रदर्शित करता है?

(1) आँकड़ों का प्रयोग करते हुए ग्राफ़ (graph) अथवा चार्ट (chart) का निर्माण करना

(2) एक समाधान की तार्किक सुसंगतता का परीक्षण करना

(3) प्रदत्त आँकड़ों की प्रासंगिकता का मूल्यांकन करना

(4) वस्तुओं के श्रेणीकरण हेतु एक नूतन पद्धति का निर्माण करना

16. Teachers must believe in which of the following values in the context of dealing with disadvantaged learners?

(1) Personal accountability for students' success

(2) High expectations of appropriate behaviour

(3) No demands of any sort on the student

(4) For immediate compliance of students, use of being shocked and angry

17. Stuttering problems in students can be dealt by applying which of the following methods?

(1) Dictated speech

(2) Prolonged speech

(3) Pragmatic speech

(4) Protracted speech

18. In the context of learning-disabled children, providing immediate connections, stressing collaboration and leveraging non-learning technologies such as instant messaging, intelligent search and content management are associated with which of the following designs?

(1) Embedded learning

(2) Interventionist learning

(3) Reply to remediation

(4) Universal design for learning

19. An inclusive classroom is that where

(1) assessments are repeated till the time every learner achieves minimum grades

(2) teachers teach from only prescribed books to lessen the burden of the students

(3) there is an active involvement of children in solving as many problems as possible

(4) teachers create diverse and meaningful learning experiences for every learner

16. वंचित शिक्षार्थियों के साथ व्यवहार करने के सन्दर्भ में अध्यापक/अध्यापिका को निम्नलिखित मूल्यों में से किसमें विश्वास व्यक्त करना चाहिए?

(1) छात्रों की सफलता हेतु व्यक्तिगत उत्तरदायित्व

(2) समुचित व्यवहार की उच्च अपेक्षाएँ

(3) विद्यार्थी से किसी प्रकार की माँग न होना

(4) विद्यार्थियों द्वारा स्वीकृति हेतु आघातमकता (shocked) व क्रोध का प्रयोग करना

17. निम्नलिखित में से किस पद्धति का उपयोग करते हुए हकलाने (stuttering) की समस्या से निबटा जा सकता है?

(1) अनुश्रुत वाक् (Dictated speech)

(2) प्रवर्द्धित वाक् (Prolonged speech)

(3) परिणामकारी वाक् (Pragmatic speech)

(4) लम्बित वाक् (Protracted speech)

18. सीखने में अशक्त (disabled) बच्चों के सन्दर्भों में तत्काल सम्बद्धता प्रदान करना, सहयोग पर बल देना तथा गैर-अधिगमनात्मक तकनीकी, जैसी तत्काल सूचनात्मकता, बुद्धिपूर्वक गवेषणा तथा सामग्री प्रबन्धन, का उत्तोलन (leveraging) निम्नलिखित में से किस प्रारूप से सम्बद्ध हैं?

(1) संग्रथित अधिगम (Embedded learning)

(2) हस्तक्षेपी अधिगम

(3) उपचारात्मक प्रत्युत्तर

(4) अधिगम का सार्वभौमिक प्रारूप

19. एक समावेशी कक्षा वह है, जहाँ

(1) तब तक आकलन की पुनरावृत्ति होती रहती है जब तक प्रत्येक अधिगमकर्ता न्यूनतम श्रेणी प्राप्त न कर ले

(2) विद्यार्थियों का भार कम करने के लिए अध्यापक केवल अनुमोदित पुस्तकों से ही पढ़ाते हैं

(3) समस्याओं का अधिकाधिक समाधान करने की सम्भावना की दृष्टि से बच्चों की सक्रिय भागीदारिता रहती है

(4) अध्यापक प्रत्येक अधिगमकर्ता के लिए वैविध्यपूर्ण व सार्थक अधिगमनात्मक अनुभवों हेतु परिवेश का निर्माण करते हैं

20. Which one of the following is an appropriate assignment for a gifted student?
   (1) Many more exercises of the same type in comparison to other students
   (2) Asking him/her to tutor the peers to channelize the energy and keep him/her busy
   (3) Create a prototype of a new Science book based on different themes
   (4) Letting him/her finish the textbook on his/her own before the entire class

21. Many measures have been taken at institutional level to check the dropout cases in the schools run by government agencies. Which of the following is an institutional reason for children dropping out of these schools?
   (1) There is a lack of infrastructure, such as blackboards and toilets
   (2) Teachers are not having appropriate qualifications and are paid lesser salaries
   (3) Teachers have not been sensitized about the need of treating children well
   (4) There is no alternative curriculum for children who reject the compulsory curriculum offered

22. Learning disabilities are
   (1) objective facts and culture has no role in determining them
   (2) synonymous with dyslexia
   (3) also present in children with average or above average IQ
   (4) not immutable irrespective of time and nature of interventions

23. Problem solving is more likely to succeed in schools where
   (1) a flexible curriculum is in place
   (2) homogeneous groups of students are present in the classes
   (3) the emphasis is only on higher order academic achievement
   (4) teacher-centric pedagogy is in effect

20. निम्नलिखित में से कौन-सा प्रदत्तकार्य (assignment) प्रतिभाशाली विद्यार्थी के लिए उपयुक्त है?
   (1) अन्य विद्यार्थियों की तुलना में समान प्रकार के परन्तु अपेक्षाकृत अधिक अभ्यास
   (2) उसे अपने समवयस्की साथियों को अनुशिक्षण देने के लिए कहना ताकि उसकी शक्तियों को दिशा मिल सके तथा वह व्यस्त रह सके
   (3) विभिन्न विषयों (themes) को ध्यान में रखते हुए विज्ञान की एक नई आदर्शात्मक-पुस्तक का निर्माण करना
   (4) सम्पूर्ण कक्षा की अपेक्षा उसे अपनी पाठ्यपुस्तक को शीघ्र समाप्त करने देना

21. विद्यालय छोड़ने वाले विद्यार्थियों के नियन्त्रण की दृष्टि से सरकारी संगठनों द्वारा संस्था के स्तर पर विभिन्न उपाय किए गए हैं। निम्नलिखित में से कौन-सा कारण सांस्थानिक स्तर से जुड़ा है जिसके कारण बच्चे विद्यालय छोड़ देते हैं?
   (1) विद्यालय में श्यामपट्ट और शौचालय जैसी आधारभूत सेवाओं का अभाव होना
   (2) अध्यापकों का समुपयुक्त योग्यता वाला न होना तथा उन्हें कम आय देना
   (3) बच्चों से भली-भाँति व्यवहार करने की आवश्यकता के प्रति अध्यापकों का संवेदनशील न होना
   (4) जो बच्चे अनिवार्य पाठ्यचर्या को स्वीकार नहीं कर पाते उनके लिए विकल्पात्मक पाठ्यचर्या का न होना

22. अधिगम-अक्षमताएँ
   (1) वस्तुपरक तथ्य हैं तथा संस्कृति की इनमें कोई भूमिका नहीं है
   (2) पठन-अक्षमता के पर्याय हैं
   (3) सामान्य या उससे अधिक बुद्धि-लब्धांक वाले बच्चों में भी पाई जाती हैं
   (4) समय व हस्तक्षेप के स्वरूप की उपेक्षा करते हुए भी अपरिवर्तनशील नहीं होती हैं

23. समस्या-समाधान प्रायः उन विद्यालयों में सफल है, जहाँ
   (1) परिवर्तनशील/लचीली पाठ्यचर्या है
   (2) कक्षाओं में छात्रों का सम-समूहीकरण उपलब्ध है
   (3) केवल उच्चस्तरीय शैक्षिक उपलब्धि पर ही बल दिया जाता है
   (4) अध्यापक-केन्द्रित शिक्षा-शास्त्र प्रभावी है

24. Cognitive apprenticeships and instructional conversations

(1) conceive learning as a social activity

(2) are based on application of inductive reasoning

(3) emphasize on systematic organization of textual material

(4) highlight the need of practical training to achieve efficiency

25. Which of the following should be a right way for a teacher who intends to correct errors of his/her students?

(1) He/She must correct every error of his/her students even if it requires late sitting in the school

(2) He/She should correct less-frequent errors more often than high-frequent and generality errors

(3) He/She should correct errors that interfere with the general meaning and understandability

(4) He/She should not correct errors if it irritates children

26. The following skills are involved in emotional intelligence, ***except***

(1) awareness of emotions

(2) management of emotions

(3) criticism of emotions

(4) amicable relation with class fellows

24. संज्ञानात्मक प्रशिक्षुता तथा शैक्षिक संवाद

(1) अधिगम को एक सामाजिक गतिविधि के रूप में ग्रहण करते हैं

(2) आगमनात्मक तार्किकता के अनुप्रयोग पर आधारित हैं

(3) पाठ्यसामग्री के सुव्यवस्थित संगठन पर बल देते हैं

(4) कुशलता की प्राप्ति हेतु व्यावहारिक प्रशिक्षण की आवश्यकता पर बल देते हैं

25. जो अध्यापक/अध्यापिका अपने विद्यार्थियों की त्रुटियों में सुधार करना चाहता/चाहती है, उसके लिए निम्नलिखित में से कौन-सा समुचित मार्ग है?

(1) उसे अपने विद्यार्थियों की प्रत्येक त्रुटि का संशोधन करना चाहिए, इसके लिए चाहे उसे विद्यालय में देर तक बैठना पड़े

(2) उसे बार-बार की जाने वाली तथा सामान्य त्रुटियों की अपेक्षा कम बार होने वाली त्रुटियों का अधिक संशोधन करना चाहिए

(3) उसे उन त्रुटियों का संशोधन करना चाहिए जो सामान्य अर्थ व अवबोधनात्मकता में हस्तक्षेप करती हैं

(4) अगर त्रुटि-संशोधन प्रक्रिया बच्चों को क्षुब्ध करती है, तो उसे उनका संशोधन नहीं करना चाहिए

26. निम्नलिखित में से कौन-सा कौशल भावात्मक बुद्धि से सम्बद्ध **नहीं** है?

(1) भावनाओं के प्रति जागरूकता

(2) भावनाओं का प्रबन्धन

(3) भावनाओं की आलोचना

(4) कक्षा सहपाठियों के साथ मैत्रीपूर्ण व्यवहार

27. While appearing in an assessment, Devika finds her arousal as energizing, whereas Rajesh finds his arousal as discouraging. Their emotional experiences are most likely to differ with respect to

(1) the duration of time

(2) the extremity of emotion

(3) the level of adaptation

(4) the intensity of thought

28. The Government of India has started Midday Meal Scheme for the elementary schools. Which of the following theories of motivation supports this Scheme?

(1) Behaviourist

(2) Socio-cultural

(3) Cognitive

(4) Humanistic

29. Attaching importance to the home setting of students for understanding children's behaviour and using this information for building effective pedagogy is related to which of the following theories of learning?

(1) Behaviourist

(2) Ecological

(3) Constructivist

(4) Social-constructivist

30. Which of the following may be the best way to deal with an inattentive child in the classroom?

(1) Nag the child as frequently in front of the class to make her/him realize

(2) Make the child sit in the most distraction-reduced area

(3) Allow the child to stand while working so as to enable the child to focus attention

(4) Provide the child frequent breaks to refresh her/his attention

27. आकलन प्रक्रिया के दौरान देविका की उत्तेजना ऊर्जापूर्ण होती है जबकि राजेश की उत्तेजना अनुत्साही। उन दोनों के भावात्मक अनुभवों का अन्तर किससे सम्बद्ध है?

(1) समयान्तराल

(2) भावनाओं की पराकाष्ठा

(3) अनुकूलन का स्तर

(4) विचारों का घनत्व

28. भारत सरकार ने प्राथमिक विद्यालयों के लिए मध्याह्न-भोजन योजना प्रारम्भ की है। निम्नलिखित में से कौन-सा अभिप्रेरणात्मक सिद्धान्त इस योजना का समर्थन करता है?

(1) व्यवहारवादी

(2) समाज-सांस्कृतिक

(3) संज्ञानात्मक

(4) मानवीय

29. बच्चों के व्यवहार को समझने के लिए विद्यार्थियों के घर के वातावरण का महत्त्वपूर्ण स्थान है तथा इससे प्राप्त सूचना को प्रभावशाली शिक्षा-शास्त्र के निर्माण से जोड़ा जा सकता है। यह तथ्य अधिगम के किस सिद्धान्त से सम्बद्ध है?

(1) व्यवहारवादी (Behaviourist)

(2) पारिस्थितिक (Ecological)

(3) रचनावादी (Constructivist)

(4) सामाजिक-रचनावादी (Social-constructivist)

30. कक्षा में ध्यान न देने वाले बच्चे से व्यवहार करने के लिए कौन-सा उपाय सर्वाधिक लाभकारी हो सकता है?

(1) बच्चे को महसूस कराने के लिए उसे कक्षा में सबके सामने बार-बार डाँटना-डपटना

(2) बच्चे को उस जगह बैठाना जहाँ सबसे कम ध्यान-भंग हो सके

(3) ध्यान केन्द्रित करने के लिए, कार्य करते हुए बच्चे को खड़े रहने की अनुमति देना

(4) बच्चे के ध्यान को स्फूर्तियुक्त बनाने के लिए बीच-बीच में उसे अवकाश देना

| Candidates have to do Question Nos. **31** to **90** *Either* from Part—II (Mathematics and Science) *Or* from Part—III (Social Studies/ Social Science). | परीक्षार्थियों को प्रश्न **31** से **90** या तो भाग—II (गणित और विज्ञान) या भाग—III (सामाजिक अध्ययन / सामाजिक विज्ञान) से करने हैं। |
|---|---|

## PART—II / भाग—II

## MATHEMATICS AND SCIENCE / गणित और विज्ञान

***Directions*** : Answer the following questions by selecting the *most appropriate option.*

**31.** The value of $0 \cdot 001 + 1 \cdot 01 + 0 \cdot 11$ is

(1) 1·111 (2) 1·101
(3) 1·013 (4) 1·121

**32.** In 1999, the population of a country was 30·3 million. The number which is the same as 30·3 million is

(1) 303000000
(2) 30300000
(3) 3030000
(4) 3030000000

**33.** If $a^3 = 1 + 7$, $3^3 = 1 + 7 + b$ and $4^3 = 1 + 7 + c$, where $a$, $b$ and $c$ are different positive integers, then the value of $a + b + c$ is

(1) 58 (2) 68
(3) 77 (4) 79

**34.** We call a number perfect if it is the sum of all its positive divisors, except itself. For example, 28 is a perfect number because $28 = 1 + 2 + 4 + 7 + 14$. Which of the following numbers is a perfect number?

(1) 13 (2) 10
(3) 9 (4) 6

**35.** Which of the following numbers is a perfect square?

(1) 548543213
(2) 548543215
(3) 548543251
(4) 548543241

***निर्देश*** : निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए **सबसे उचित विकल्प** चुनिए।

**31.** $0 \cdot 001 + 1 \cdot 01 + 0 \cdot 11$ का मान है

(1) 1·111 (2) 1·101
(3) 1·013 (4) 1·121

**32.** 1999 में किसी देश की जनसंख्या 30·3 मिलियन थी। कौन-सी संख्या 30·3 मिलियन के समान है?

(1) 303000000
(2) 30300000
(3) 3030000
(4) 3030000000

**33.** यदि $a^3 = 1 + 7$, $3^3 = 1 + 7 + b$ और $4^3 = 1 + 7 + c$, जहाँ $a$, $b$ और $c$ विभिन्न धनात्मक पूर्णांक हैं, तब $a + b + c$ का मान है

(1) 58 (2) 68
(3) 77 (4) 79

**34.** हम किसी संख्या को सम्पूर्ण संख्या कहते हैं यदि यह संख्या इसके सभी धनात्मक गुणनखण्डों के (संख्या को छोड़कर) योग के बराबर हो। उदाहरणतया 28 एक सम्पूर्ण संख्या है क्योंकि $28 = 1 + 2 + 4 + 7 + 14$ है। निम्न में से कौन-सी संख्या सम्पूर्ण संख्या है?

(1) 13 (2) 10
(3) 9 (4) 6

**35.** निम्न में से कौन-सी संख्या एक पूर्ण वर्ग संख्या है?

(1) 548543213
(2) 548543215
(3) 548543251
(4) 548543241

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ़ कार्य के लिए जगह

**36.** The product of two whole numbers is 24. The smallest possible sum of these numbers is

(1) 8 (2) 9

(3) 10 (4) 12

**37.** The value of

$$\frac{3^{502} - 3^{500} + 16}{3^{500} + 2}$$

is

(1) 2 (2) 4

(3) 8 (4) 16

**38.** If

$$800880 = 8 \times 10^x + 8 \times 10^y + 8 \times 10^z$$

where $x$, $y$ and $z$ are whole numbers, then the value of $x+y+z$ is

(1) 11 (2) 8

(3) 6 (4) 5

**39.** One factor of $x^4 + x^2 + 1$ is

(1) $x^2 + 1$ (2) $x^2 + x - 1$

(3) $x^2 - x + 1$ (4) $x^2 - x - 1$

**40.** The scale of a map is given as 1 : 10000. On the map, a forest occupies a rectangular region measuring 10 cm × 100 cm. The actual area of the forest, in $km^2$, is

(1) 1000 (2) 100

(3) 10 (4) 1

**41.** A fraction is equivalent to $\frac{5}{8}$. Its denominator and numerator add up to 91. What is the difference between the denominator and numerator of this fraction?

(1) 3 (2) 13

(3) 19 (4) 21

**36.** दो पूर्ण संख्याओं का गुणनफल 24 है। इन संख्याओं का न्यूनतम सम्भव योग है

(1) 8 (2) 9

(3) 10 (4) 12

**37.** $\frac{3^{502} - 3^{500} + 16}{3^{500} + 2}$ का मान है

(1) 2 (2) 4

(3) 8 (4) 16

**38.** यदि

$$800880 = 8 \times 10^x + 8 \times 10^y + 8 \times 10^z$$

जहाँ $x$, $y$ और $z$ पूर्ण संख्याएँ हैं, तब $x+y+z$ का मान है

(1) 11 (2) 8

(3) 6 (4) 5

**39.** $x^4 + x^2 + 1$ का एक गुणनखण्ड है

(1) $x^2 + 1$ (2) $x^2 + x - 1$

(3) $x^2 - x + 1$ (4) $x^2 - x - 1$

**40.** एक मानचित्र का स्केल (scale) 1 : 10000 दिया है। मानचित्र पर एक जंगल को 10 cm × 100 cm की माप के एक आयताकार क्षेत्र के रूप में दिखाया गया है। इस जंगल का वास्तविक क्षेत्रफल, $km^2$ में, है

(1) 1000 (2) 100

(3) 10 (4) 1

**41.** एक भिन्न $\frac{5}{8}$ के तुल्य है। इसके हर और अंश का योग 91 है। इस भिन्न के हर और अंश में क्या अन्तर है?

(1) 3 (2) 13

(3) 19 (4) 21

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ़ कार्य के लिए जगह

**42.** The number $n$ is doubled and then $y$ is added to it. The result is then divided by 2 and the original number $n$ is subtracted from it. The final result is

(1) $y$ (2) $\frac{y}{2}$

(3) $n+y$ (4) $\frac{n+y}{2}$

**43.** A polyhedron has 6 faces and 8 vertices. How many edges does it have?

(1) 10 (2) 12

(3) 14 (4) 15

**44.** If

$$\begin{array}{r} 1957 \\ -a9 \\ \hline 18b8 \end{array}$$

the sum of the digits $a$ and $b$ is

(1) 15 (2) 14

(3) 13 (4) 12

**45.** Forty-two cubes each of side 1 cm are glued together to form a solid cuboid. If the perimeter of the base of the cuboid is 18 cm, then its height, in cm, is

(1) 1 (2) 2

(3) 3 (4) 4

**46.** In $\Delta PQR$, $PQ = 4$ cm, $PR = 6$ cm and $QR = 3$ cm. Which of the following is correct?

(1) $\angle R > \angle Q$ (2) $\angle Q > \angle R$

(3) $\angle Q = \angle R$ (4) $\angle R < \angle P$

**47.** In $\Delta ABC$ and $\Delta LMN$, $AB = LM$, $AC = LN$ and $\angle B = \angle M$. Then the

(1) triangles cannot be congruent

(2) triangles must be congruent

(3) triangles will be congruent if $\angle B$ is a right angle

(4) triangles are congruent only if $AB = AC$

**42.** संख्या $n$ को दुगुना करके उसमें $y$ को जोड़ा जाता है। इस परिणाम को 2 से भाग करके फिर उसमें से वास्तविक संख्या $n$ को घटाया जाता है। अन्तिम परिणाम है

(1) $y$ (2) $\frac{y}{2}$

(3) $n+y$ (4) $\frac{n+y}{2}$

**43.** किसी बहुफलक के फलकों की संख्या 6 है तथा शीर्षों की संख्या 8 है। इसके कितने किनारे हैं?

(1) 10 (2) 12

(3) 14 (4) 15

**44.** यदि

$$\begin{array}{r} 1957 \\ -a9 \\ \hline 18b8 \end{array}$$

तब अंकों $a$ और $b$ का योग है

(1) 15 (2) 14

(3) 13 (4) 12

**45.** बयालिस घनों को, जिनमें से प्रत्येक की भुजा 1 cm है, एक साथ चिपकाकर एक ठोस घनाभ बनाया जाता है। यदि इस घनाभ के आधार का परिमाप 18 cm हो, तो इसकी ऊँचाई, cm में, है

(1) 1 (2) 2

(3) 3 (4) 4

**46.** $\Delta PQR$ में, $PQ = 4$ cm, $PR = 6$ cm और $QR = 3$ cm है। निम्न में से कौन-सा सत्य है?

(1) $\angle R > \angle Q$ (2) $\angle Q > \angle R$

(3) $\angle Q = \angle R$ (4) $\angle R < \angle P$

**47.** $\Delta ABC$ और $\Delta LMN$ में, $AB = LM$, $AC = LN$ और $\angle B = \angle M$ है। तब

(1) त्रिभुजें सर्वांगसम नहीं हो सकते हैं

(2) त्रिभुजें अवश्य ही सर्वांगसम हैं

(3) त्रिभुजें सर्वांगसम होंगे, यदि $\angle B$ एक समकोण है

(4) त्रिभुजें सर्वांगसम हैं केवल यदि $AB = AC$ हो

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ़ कार्य के लिए जगह

**48.** The area of a trapezium-shaped field is $720 \text{ m}^2$, the distance between the two parallel sides is 20 m and the length of one of the parallel sides is 35 m. The length of the other parallel side is

(1) 35 m (2) 36 m

(3) 37 m (4) 40 m

**49.** If the cost price of 10 candles is equal to the selling price of 8 candles, the gain/loss percent is

(1) 25% gain

(2) 20% loss

(3) 20% gain

(4) 25% loss

**50.** The mean of median and mode of the data 7, 6, 7, 9, 8, 8, 10, 8 is

(1) 5·5 (2) 8

(3) 8·5 (4) 9

**51.** A teacher conducted a debate in the class on the following topic :

"Zero is the most significant number."

She encouraged every child to express his/her view on the topic. The teacher is

(1) making her classroom more communicative and reflective

(2) passing her time as students are not in mood of studying

(3) using her Mathematics class as life-skill class to develop value of argument among the children

(4) inducing problem-solving skill among the children

**48.** समलम्ब के आकार के एक खेत का क्षेत्रफल $720 \text{ m}^2$ है, दो समान्तर भुजाओं के बीच की दूरी 20 m है और उनमें से एक समान्तर भुजा की लम्बाई 35 m है। दूसरी समान्तर भुजा की लम्बाई है

(1) 35 m (2) 36 m

(3) 37 m (4) 40 m

**49.** यदि 10 मोमबत्तियों का क्रय-मूल्य 8 मोमबत्तियों के विक्रय-मूल्य के बराबर हो, तो लाभ/हानि प्रतिशत है

(1) 25% लाभ

(2) 20% हानि

(3) 20% लाभ

(4) 25% हानि

**50.** आँकड़ों 7, 6, 7, 9, 8, 8, 10, 8 के माध्यक और बहुलक का माध्य है

(1) 5·5 (2) 8

(3) 8·5 (4) 9

**51.** एक शिक्षिका ने कक्षा में नीचे दिए गए विषय पर वाद-विवाद का आयोजन किया :

"शून्य अत्यन्त सार्थक अंक है।"

उसने प्रत्येक बच्चे को उक्त विषय पर अपने विचार व्यक्त करने के लिए प्रोत्साहित किया। शिक्षिका

(1) अपनी कक्षा को अधिक अभिव्यक्तशील और विचारशील बना रही है

(2) अपना समय व्यतीत कर रही है क्योंकि छात्रों की मनःस्थिति पढ़ने की नहीं है

(3) बच्चों में तार्किक शक्ति विकसित करने के लिए अपनी गणित की कक्षा को जीवन-कौशल की कक्षा की भाँति उपयोग कर रही है

(4) बच्चों को समस्याओं को हल करने की कुशलता की ओर प्रवृत्त कर रही है

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ़ कार्य के लिए जगह

**52.** Under the topic, "Use of exponents to express small numbers in standard form", the following facts are stated :

(A) The speed of light is 300000000 m/sec.

(B) The height of the Mount Everest is 8848 m.

(C) The diameter of a wire on a computer chip is 0·000003 m.

(D) The size of a plant cell is 0·00001275 m.

The above examples are used to express each stated number in standard form. Use of such examples

(1) shows the accuracy aspect of numbers

(2) reflects the inter-disciplinary approach

(3) is made in class to grab the attention of students more interested in science

(4) helps the teacher to identify the bright students

**53.** According to Jean Piaget's theory

(1) introduction of linear equation and learning techniques of solving it are assimilation, and extending the concept to pair of linear equations may raise problem of accommodation

(2) introduction of pair of linear equations and techniques of solving it are assimilation, and connecting it to basics of linear equation is accommodation

(3) exposure to linear equation, techniques of solving it and pair of linear equations are assimilation

(4) learning the concept of linear equation, pair of linear equations and quadratic equations is problem of accommodation

**52.** विषय, "चरघातांकी का उपयोग छोटी संख्याओं को मानक रूप में व्यक्त करने में करना" के अंतर्गत नीचे दिए गए तथ्यों का उल्लेख किया गया है :

(A) प्रकाश की चाल 300000000 m/sec है।

(B) माउन्ट एवरेस्ट की ऊँचाई 8848 m है।

(C) कम्प्यूटर चिप पर लगे तार का व्यास 0·000003 m है।

(D) पादप कोशिका का साइज़ 0·00001275 m है।

उपर्युक्त उदाहरणों का उपयोग प्रत्येक उल्लिखित संख्या को मानक रूप में व्यक्त करने में किया गया है। ऐसे उदाहरणों का उपयोग

(1) संख्याओं के परिशुद्धता पहलू को दर्शाता है

(2) अन्तर्विषयक उपगमन को प्रतिबिम्बित करता है

(3) कक्षा में उन छात्रों, जो विज्ञान में अधिक रुचि लेते हैं, का ध्यान अपनी ओर करने का प्रयास है

(4) शिक्षक द्वारा कक्षा के तीव्र बुद्धि वाले छात्रों की पहचान करने में सहायता करता है

**53.** जीन पियाजे के सिद्धान्त के अनुसार

(1) रैखिक समीकरण का परिचय तथा इसे हल करने की अधिगम तकनीक आत्मसात्करण है एवं रैखिक समीकरण-युग्म की अवधारणा का विस्तार समायोजन की समस्या को बढ़ा सकता है

(2) रैखिक समीकरण-युग्म का परिचय तथा इसे हल करने की तकनीक आत्मसात्करण है एवं इसे रैखिक समीकरण के मूलों से सम्बद्ध करना समायोजन है

(3) रैखिक समीकरण का प्रदर्शन, इसे हल करने की तकनीक तथा रैखिक समीकरण-युग्म आत्मसात्करण है

(4) रैखिक समीकरण, रैखिक समीकरण-युग्म तथा द्विघाती समीकरणों की अवधारणा का अधिगम समायोजन-समस्या है

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ़ कार्य के लिए जगह

54. 'Maths lab activities' can be used for

(1) formative assessment only
(2) summative assessment only
(3) both formative as well as summative assessment
(4) selecting students for National Mathematics Olympiad

55. As per the NCF, 2005

(1) narrow aim of teaching Mathematics at school is to teach number system and higher aim is to teach algebra
(2) narrow aim of teaching Mathematics at school is to teach calculation and higher aim is to teach measurements
(3) narrow aim of teaching Mathematics at school is to develop numeracy-related skill and higher aim is to develop problem-solving skill
(4) narrow aim of teaching Mathematics at school is to teach arithmetic and higher aim is to teach algebra

56. According to Bloom's revised taxonomy, the cognitive objective that can be achieved through the following task

"Prepare a PowerPoint presentation on contribution of Indian mathematicians."

is

(1) remembering
(2) understanding
(3) analyzing
(4) creating

54. 'गणित प्रयोगशाला क्रियाकलापों' का उपयोग किया जा सकता है

(1) केवल रचनात्मक मूल्यांकन के लिए
(2) केवल संकलित मूल्यांकन के लिए
(3) रचनात्मक और संकलित दोनों मूल्यांकनों के लिए
(4) राष्ट्रीय गणित ओलिम्पियाड हेतु छात्रों के चयन के लिए

55. राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा, 2005 के अनुसार

(1) स्कूलों में गणित शिक्षण का संकीर्ण उद्देश्य अंक-प्रणाली पढ़ाना और उच्चतर उद्देश्य बीजगणित पढ़ाना है
(2) स्कूलों में गणित शिक्षण का संकीर्ण उद्देश्य परिकलन सिखाना और उच्चतर उद्देश्य मापन सिखाना है
(3) स्कूलों में गणित शिक्षण का संकीर्ण उद्देश्य संख्या-सम्बन्धी कौशल विकसित करना और उच्चतर उद्देश्य समस्या हल करने का कौशल विकसित करना है
(4) स्कूलों में गणित शिक्षण का संकीर्ण उद्देश्य अंकगणित पढ़ाना और उच्चतर उद्देश्य बीजगणित पढ़ाना है

56. ब्लूम की संशोधित वर्गिकी के अनुसार नीचे दिए गए कार्य

"भारतीय गणितज्ञों के योगदान पर पावरपॉइन्ट प्रस्तुतिकरण बनाएँ।"

द्वारा जिस ज्ञानात्मक उद्देश्य की उपलब्धि हो सकती है, वह है

(1) याद करना
(2) समझना
(3) विश्लेषण करना
(4) सृजन करना

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ़ कार्य के लिए जगह

57. Read the approaches used by the two teachers to teach solving of linear equation, say $2x-6=10$ :

| *Teacher A* | *Teacher B* |
|---|---|
| *Steps* | *Steps* |
| (a) Take 6 on other side<br>(b) Change the sign of 6 and add to 10<br>(c) Get $2x=16$<br>(d) Take 2 on the other side and divide<br>(e) Get $x=8$ | (i) Equation always maintains equality. So same operation with same number can be performed on both sides to maintain equality<br>(ii) Hence $2x-6+6=10+6$ or $2x=16$<br>(iii) $\frac{2x}{2}=\frac{16}{2}$ or $x=8$ |

It can be observed that

(1) teacher *A* emphasizes on instrumental understanding while teacher *B* emphasizes on relational understanding

(2) teacher *A* emphasizes on relational understanding while teacher *B* emphasizes on instrumental understanding

(3) teacher *A* focuses on conceptual knowledge while teacher *B* focuses on procedural knowledge

(4) teachers *A* and *B* focus on instrumental understanding

57. दो शिक्षकों द्वारा किसी रैखिक समीकरण, जैसे $2x-6=10$, को हल करने में उपयोग किए गए उपगमनों को पढ़िए :

| शिक्षक *A* | शिक्षक *B* |
|---|---|
| चरण | चरण |
| (a) 6 को दूसरे पक्ष में ले जाइए<br>(b) 6 का चिह्न परिवर्तित करके 10 में जोड़िए<br>(c) आपको प्राप्त होगा $2x=16$<br>(d) 2 को दूसरे पक्ष में ले जाइए और विभाजित कीजिए<br>(e) $x=8$ प्राप्त कीजिए | (i) समीकरण में समानता सदैव बनी रहती है। अतः दोनों पक्षों में समान संख्याओं के साथ समान प्रचालन समानता बनाए रखने के लिए किए जा सकते हैं<br>(ii) अतः $2x-6+6=10+6$ अथवा $2x=16$<br>(iii) $\frac{2x}{2}=\frac{16}{2}$ अथवा $x=8$ |

यह प्रेक्षित किया जा सकता है कि

(1) शिक्षक *A* यंत्रीय समझ पर बल देता है जबकि शिक्षक *B* सम्बन्धी समझ पर


(2) शिक्षक *A* सम्बन्धी समझ पर बल देता है जबकि शिक्षक *B* यंत्रीय समझ पर

(3) शिक्षक *A* प्रत्ययात्मक ज्ञान पर केन्द्रित होता है जबकि शिक्षक *B* कार्यविधिक ज्ञान पर

(4) शिक्षक *A* तथा शिक्षक *B* यंत्रीय समझ पर केन्द्रित होते हैं

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ़ कार्य के लिए जगह

**58.** Class VI students were given the following layout of a house :




The students were asked to find out the—

(A) perimeter and area of each room;

(B) total perimeter and total area of the house.

The above activity can be used by teacher as formative assessment task because


(1) it will be easy for teacher to engage all the students for 40 minutes period

(2) the students' responses will help teacher to diagnose their understanding regarding finding dimensions, calculations, knowledge of formulae for perimeter and area, etc.

(3) the students will find the task interesting and will not disturb each other

(4) it will remove the phobia of Maths examination

**58.** कक्षा VI के विद्यार्थियों को किसी मकान का निम्नलिखित नक्शा दिया गया :




विद्यार्थियों से कहा गया कि वे ज्ञात करें—

(A) प्रत्येक कमरे की परिमाप और उसका क्षेत्रफल;

(B) मकान की कुल परिमाप और उसका कुल क्षेत्रफल।

उपर्युक्त क्रियाकलाप को शिक्षक रचनात्मक मूल्यांकन के कार्य के रूप में ले सकता है, क्योंकि

(1) इस कार्य के द्वारा शिक्षक आसानी से सभी विद्यार्थियों को 40 मिनट तक व्यस्त रख सकता है

(2) विद्यार्थियों के उत्तर परिमाप, क्षेत्रफल आदि की विमाओं, परिकलनों, सूत्रों के ज्ञान से सम्बन्धित समझ का निदान करने में शिक्षक की सहायता करेंगे

(3) विद्यार्थियों को यह कार्य रोचक लगेगा तथा वे एक-दूसरे की शान्ति भंग नहीं करेंगे

(4) यह कार्य गणित की परीक्षा के प्रति भय को दूर करेगा

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ़ कार्य के लिए जगह

**59.** Students' ability to apply the concept of square roots in real life situation can be assessed through the following problem

(1) Find the smallest square number that is divisible by each of the numbers 4, 9 and 10.

(2) Calculate the square root of 25600.

(3) Find the smallest number that may be subtracted from 5607 to get a perfect square.

(4) 2025 plants are to be planted in a garden in such a way that each row contains as many plants as the number of rows. Find the number of rows and number of plants in each row.

**60.** A student writes

$$\frac{10\text{ cm}}{12\text{ cm}} = \frac{5}{6}\text{ cm}$$

$$\frac{15\text{ km}}{15\text{ m}} = 1000\text{ m}$$

This student

(1) always commits clerical error of writing unit with ratio

(2) has clear concept of units and their conversion

(3) can reduce fractions to lowest term correctly and can write the units properly

(4) has concept of units, conversion of units, fractions but missed the concept that ratio does not have units

**59.** वास्तविक जीवन की स्थिति में वर्गमूलों की अवधारणा को लागू करने की विद्यार्थियों की क्षमता निम्न समस्या के जरिए निर्धारित किया जा सकता है

(1) उस न्यूनतम वर्ग संख्या को ज्ञात कीजिए, जो संख्याओं 4, 9 तथा 10 प्रत्येक से विभाजित हो।

(2) 25600 के वर्गमूल की गणना कीजिए।

(3) उस न्यूनतम संख्या को ज्ञात कीजिए, जिसे 5607 से घटाने पर पूर्ण वर्ग संख्या प्राप्त होती है।

(4) 2025 पौधों को एक बगीचे में इस तरह से बोया जाना है कि प्रत्येक पंक्ति में उतनी ही संख्या में पौधे हों जितनी संख्या पंक्ति की है। पंक्तियों की संख्या तथा प्रत्येक पंक्ति में पौधों की संख्या ज्ञात कीजिए।

**60.** कोई छात्र लिखता है

$$\frac{10\text{ cm}}{12\text{ cm}} = \frac{5}{6}\text{ cm}$$

$$\frac{15\text{ km}}{15\text{ m}} = 1000\text{ m}$$

यह छात्र

(1) अनुपात के साथ मात्रक लिखने की सदैव लेखन-सम्बन्धी त्रुटि करता है

(2) मात्रकों और उनके रूपान्तरण का अच्छा ज्ञान रखता है

(3) भिन्नों को लघुतम पद में सही ढंग से बदल सकता है और सही मात्रक लिख सकता है

(4) मात्रकों का ज्ञान रखता है एवं मात्रकों के रूपान्तरण और भिन्नों की संकल्पना से परिचित है परन्तु यह भूल जाता है कि अनुपात का कोई मात्रक नहीं होता

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ़ कार्य के लिए जगह

61. Study the following statements about excretory system in humans :

(A) Wastes dissolved in water are filtered out as urine in the kidneys.

(B) Urine stored in urinary bladder is passed out through the urinary opening at the end of the urethra.

(C) Ureter carries urine to the urinary bladder.

(D) Useful substances are absorbed back in the blood.

(E) Blood containing useful and harmful substances reaches the kidney for filtration.

The correct order of the processes given in the above statements is

(1) (D), (E), (A), (C), (B)
(2) (E), (D), (A), (C), (B)
(3) (B), (D), (E), (A), (C)
(4) (E), (D), (A), (B), (C)

62. The pseudopodia of amoeba are used for

(1) sensing the food only
(2) capture of food only
(3) movement only
(4) movement and capture of food

63. Below are given some organisms :

(A) Yeasts
(B) Bedbugs
(C) Leeches
(D) Cuscuta
(E) Algae
(F) Lice
(G) Mushrooms
(H) Lichens

The organisms which may be classified in the group of parasites are

(1) (A), (C), (F) and (G)
(2) (B), (C), (D) and (H)
(3) (B), (C), (D) and (F)
(4) (C), (D), (E) and (G)

61. मानव उत्सर्जन तंत्र के विषय में नीचे दिए गए कथनों का अध्ययन कीजिए :

(A) जल में घुले हुए अपशिष्ट पदार्थ वृक्कों में मूत्र के रूप में पृथक् कर लिए जाते हैं।

(B) मूत्राशय में संचित मूत्र, मूत्रमार्ग जिसका दूसरा सिरा मूत्रंध्र से जुड़ा होता है, से होकर बाहर निकाल दिया जाता है।

(C) मूत्र-वाहिनियों से होता हुआ मूत्र मूत्राशय में जाता है।

(D) उपयोगी पदार्थों को रक्त में पुनः अवशोषित कर लिया जाता है।

(E) उपयोगी और हानिकारक दोनों ही प्रकार के पदार्थों से युक्त रक्त निस्यन्दन के लिए वृक्कों में पहुँचता है।

उपर्युक्त प्रकथनों में दी गई प्रक्रियाओं का सही क्रम है

(1) (D), (E), (A), (C), (B)
(2) (E), (D), (A), (C), (B)
(3) (B), (D), (E), (A), (C)
(4) (E), (D), (A), (B), (C)

62. अमीबा के पादाभ किसमें सहायता करते हैं?

(1) केवल भोजन का आभास कराने में
(2) केवल भोजन पकड़ने में
(3) केवल गति देने में
(4) गति देने एवं भोजन पकड़ने में

63. नीचे कुछ जीव दिए गए हैं :

(A) यीस्ट
(B) खटमल
(C) जोंक
(D) अमरबेल
(E) शैवाल
(F) जूँ
(G) छत्रक (मशरूम)
(H) लाइकेन

इनमें से परजीवियों में वर्गीकृत किए जाने वाले जीव हैं

(1) (A), (C), (F) और (G)
(2) (B), (C), (D) और (H)
(3) (B), (C), (D) और (F)
(4) (C), (D), (E) और (G)

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ़ कार्य के लिए जगह

**64.** In Column—*A*, names of scientists are given and in Column—*B*, some discoveries are given :

| *Column—A* | *Column—B* |
|---|---|
| (a) Alexander Fleming | (i) Anthrax bacterium |
| (b) Edward Jenner | (ii) Fermentation |
| (c) Louis Pasteur | (iii) Lactobacillus bacterium |
| (d) Robert Koch | (iv) Penicillin |
| | (v) Smallpox vaccine |

The correct match of the names of scientists with their discoveries is

(1) a b c d
iv v ii i

(2) a b c d
i iii ii iv

(3) a b c d
iv ii v iii

(4) a b c d
iii v ii i

**65.** Select the correct statement about biosphere reserves.

(1) These are the protected areas meant for the conservation of endemic species only

(2) These are the areas meant only for the conservation of plants and animals

(3) These are the areas which help to maintain the biodiversity and culture of the areas

(4) These are the protected areas reserved for wildlife where they can freely use the habitats and natural resources

**64.** कॉलम—*A* में वैज्ञानिकों के नाम दिए गए हैं और कॉलम—*B* में कुछ खोज दी गई हैं :

| *कॉलम—A* | *कॉलम—B* |
|---|---|
| (a) अलेक्जेंडर फ्लेमिंग | (i) एन्थ्रेक्स जीवाणु |
| (b) एडवर्ड जेनर | (ii) किण्वन |
| (c) लुइ पाश्चर | (iii) लैक्टोबैसिलस जीवाणु |
| (d) रॉबर्ट कोच | (iv) पेनिसिलिन |
| | (v) चेचक का टीका |

वैज्ञानिकों के नाम का उनकी खोज से सही मिलान है

(1) a b c d
iv v ii i

(2) a b c d
i iii ii iv

(3) a b c d
iv ii v iii

(4) a b c d
iii v ii i

**65.** जैवमण्डल आरक्षण (आरक्षित क्षेत्र) से सम्बन्धित सही कथन चुनिए।

(1) ये वे सुरक्षित क्षेत्र हैं जो केवल विशेष क्षेत्री स्पीशीज़ के संरक्षण के लिए बनाए गए हैं

(2) ये वे क्षेत्र हैं जो केवल पादप एवं जंतुओं के संरक्षण के लिए बनाए गए हैं

(3) ये वे क्षेत्र हैं जो क्षेत्र की जैव विविधता और संस्कृति को बनाए रखने में सहायक होते हैं

(4) ये वे सुरक्षित क्षेत्र हैं जिन्हें वन्य जीवन के मुक्त आवास और प्राकृतिक सम्पदा के उपयोग के लिए आरक्षित किया गया है

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ़ कार्य के लिए जगह

**66.** Study the following statements :

(A) Prokaryotes do not have nucleus.

(B) A single cell can perform all the functions in a unicellular organism.

(C) Blue-green algae are the examples of prokaryotes.

(D) Eukaryotes do not have well-organized nucleus with a nuclear membrane.

The correct statements are


(1) (A), (B) and (C)

(2) (A), (B) and (D)

(3) (A), (C) and (D)

(4) (B), (C) and (D)

**67.** In the given diagram, positions of four endocrine glands in the human body are marked by the letters *A*, *B*, *C* and *D* :




The correct labelling of *A*, *B*, *C* and *D* is

(1) *A*—pituitary gland, *B*—thyroid gland, *C*—adrenal gland, *D*—pancreas

(2) *A*—adrenal gland, *B*—pituitary gland, *C*—pancreas, *D*—thyroid gland

(3) *A*—adrenal gland, *B*—thyroid gland, *C*—pancreas, *D*—pituitary gland

(4) *A*—pituitary gland, *B*—pancreas, *C*—thyroid gland, *D*—adrenal gland

**66.** नीचे दिए गए कथनों का अध्ययन कीजिए :

(A) प्रोकैरियोट में केन्द्रक नहीं होते हैं।

(B) एक-कोशिक जीव में एकल कोशिका सभी कार्य करती है।

(C) नीले-हरे शैवाल प्रोकैरियोट के उदाहरण हैं।

(D) यूकैरियोट में केन्द्रक झिल्ली सहित सुसंगठित केन्द्रक नहीं होता है।

इनमें से सही कथन हैं


(1) (A), (B) और (C)

(2) (A), (B) और (D)

(3) (A), (C) और (D)

(4) (B), (C) और (D)

**67.** दिए गए आरेख में मनुष्य के शरीर में चार अन्तःस्रावी ग्रन्थियों की स्थिति *A*, *B*, *C* तथा *D* द्वारा अंकित की गई है :




*A*, *B*, *C* और *D* का सही नामांकन है

(1) *A*—पीयूष ग्रन्थि, *B*—थायरॉइड ग्रन्थि, *C*—ऐड्रिनल ग्रन्थि, *D*—अग्न्याशय


(2) *A*—ऐड्रिनल ग्रन्थि, *B*—पीयूष ग्रन्थि, *C*—अग्न्याशय, *D*—थायरॉइड ग्रन्थि

(3) *A*—ऐड्रिनल ग्रन्थि, *B*—थायरॉइड ग्रन्थि, *C*—अग्न्याशय, *D*—पीयूष ग्रन्थि

(4) *A*—पीयूष ग्रन्थि, *B*—अग्न्याशय, *C*—थायरॉइड ग्रन्थि, *D*—ऐड्रिनल ग्रन्थि

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ़ कार्य के लिए जगह

**68.** A rectangular container given below is filled with a liquid heavier than water :




Select the correct statement from the following about the liquid pressure.


(1) Pressure at $A$ = Pressure at $B$ = Pressure at $C$

(2) Pressure at $A$ > Pressure at $B$ > Pressure at $C$

(3) Pressure at $C$ > Pressure at $B$ = Pressure at $A$

(4) Pressure at $C$ > Pressure at $B$ > Pressure at $A$

**69.** Light is falling on the surfaces $S_1$, $S_2$ and $S_3$ as shown below :



The surfaces on which the angle of incidence is equal to the angle of reflection are


(1) $S_1$ and $S_2$

(2) $S_2$ and $S_3$

(3) $S_1$ and $S_3$

(4) All the three surfaces

**68.** नीचे दिए गए किसी आयताकार पात्र में जल से भारी कोई द्रव भरा है :




द्रव-दाब के विषय में निम्न में से सही कथन चुनिए।


(1) $A$ पर दाब = $B$ पर दाब = $C$ पर दाब

(2) $A$ पर दाब > $B$ पर दाब > $C$ पर दाब

(3) $C$ पर दाब > $B$ पर दाब = $A$ पर दाब

(4) $C$ पर दाब > $B$ पर दाब > $A$ पर दाब

**69.** आरेख में दर्शाए अनुसार $S_1$, $S_2$ और $S_3$ पृष्ठों पर प्रकाश गिर रहा है :



पृष्ठ, जिन पर आपतन कोण परावर्तन कोण के बराबर है, कौन-से हैं?

(1) $S_1$ और $S_2$


(2) $S_2$ और $S_3$

(3) $S_1$ और $S_3$

(4) सभी तीनों पृष्ठ

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ़ कार्य के लिए जगह

**70.** In the diagram of human eye given below, the parts marked by *A*, *B*, *C* and *D* should be labelled as




(1) *A*—ciliary muscle, *B*—pupil, *C*—lens, *D*—cornea

(2) *A*—iris, *B*—pupil, *C*—lens, *D*—cornea

(3) *A*—iris, *B*—cornea, *C*—pupil, *D*—lens

(4) *A*—ciliary muscle, *B*—iris, *C*—lens, *D*—cornea

**71.** Impression of an image persists on the retina of human eye for about


(1) 1 second

(2) $\frac{1}{2}$ second

(3) $\frac{1}{15}$ second

(4) $\frac{1}{25}$ second

**70.** नीचे दिए गए मानव नेत्र के आरेख में *A*, *B*, *C* और *D* द्वारा अंकित भागों का नामांकन किस प्रकार किया जाना चाहिए?




(1) *A*—पक्ष्माभ पेशी, *B*—पुतली, *C*—लेंस, *D*—कॉर्निया

(2) *A*—परितारिका, *B*—पुतली, *C*—लेंस, *D*—कॉर्निया

(3) *A*—परितारिका, *B*—कॉर्निया, *C*—पुतली, *D*—लेंस

(4) *A*—पक्ष्माभ पेशी, *B*—परितारिका, *C*—लेंस, *D*—कॉर्निया

**71.** मानव नेत्र के रेटिना पर बने किसी वस्तु के प्रतिबिम्ब का प्रभाव रेटिना पर लगभग कितने समय तक बना रहता है?

(1) 1 सेकन्ड

(2) $\frac{1}{2}$ सेकन्ड

(3) $\frac{1}{15}$ सेकन्ड

(4) $\frac{1}{25}$ सेकन्ड

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ़ कार्य के लिए जगह

**72.** Study the following statements :

(A) Germination of seeds does not take place under dry conditions.

(B) Nutrients get transported to each part of the plant in dissolved form.

(C) The supply of water to crops at different intervals improves the texture of the soil.

(D) The supply of water to crops makes the soil porous due to which exchange of gases becomes easy.

(E) Water protects the crops from both frost and hot air currents.

The statements which justify the need to irrigate crops are

(1) (A), (B) and (C)

(2) (B), (C) and (D)

(3) (C), (D) and (E)

(4) (A), (B) and (E)

**73.** Study the following statements :

(A) Chromosomes are located in the nucleolus.

(B) Genes are located in the chromosomes.

(C) Unicellular organisms respire and reproduce.

(D) The most important function of cell membrane is to control the entry and exit of materials from cells.

The correct statements are

(1) (A), (B) and (C)

(2) (B), (C) and (D)

(3) (A), (C) and (D)

(4) (A), (B) and (D)

**74.** The ultrasound equipments used for investigating medical problems work at frequency

(1) below 20 Hz

(2) between 20 Hz and 200000 Hz

(3) between 2000 Hz and 20000 Hz

(4) above 20000 Hz

**72.** नीचे दिए गए कथनों का अध्ययन कीजिए :

(A) शुष्क परिस्थितियों में बीजों का अंकुरण नहीं होता है।

(B) पोषकों का पादपों के विभिन्न भागों में स्थानान्तरण घुली हुई अवस्था में ही होता है।

(C) विभिन्न समय अन्तरालों पर फसलों को जल की आपूर्ति से मृदा के गठन में सुधार होता है।

(D) फसलों को जल की आपूर्ति से मृदा सरंध्र बनती है जिसके कारण गैसों का विनिमय (आदान-प्रदान) सरल हो जाता है।

(E) जल फसलों की पाले (शीत) और गरम वायु दोनों से रक्षा करता है।

वे कथन कौन-से हैं जो फसलों की सिंचाई की पुष्टि करते हैं?

(1) (A), (B) और (C)

(2) (B), (C) और (D)

(3) (C), (D) और (E)

(4) (A), (B) और (E)

**73.** नीचे दिए गए कथनों का अध्ययन कीजिए :

(A) गुणसूत्र, केन्द्रिका में स्थित होते हैं।

(B) जीन, गुणसूत्रों में स्थित होते हैं।

(C) एक-कोशिक जीव श्वसन और जनन करते हैं।

(D) कोशिका झिल्ली का सबसे महत्त्वपूर्ण कार्य कोशिका में पदार्थों के आवागमन को नियन्त्रित करना है।

इनमें सही कथन हैं

(1) (A), (B) और (C)

(2) (B), (C) और (D)

(3) (A), (C) और (D)

(4) (A), (B) और (D)

**74.** चिकित्सा के क्षेत्र में समस्याओं के अनुसन्धान के लिए उपयोग किए जाने वाले पराश्रव्य ध्वनि उपकरणों के कार्य करने की आवृत्ति होती है

(1) 20 Hz से कम

(2) 20 Hz और 200000 Hz के बीच

(3) 2000 Hz और 20000 Hz के बीच

(4) 20000 Hz से अधिक

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ़ कार्य के लिए जगह

**75.** A solid rectangular block of iron is kept over the top of a table with its different faces touching the table. In different cases, the solid block exerts


(1) same force and same pressure

(2) same force but different pressures

(3) different forces and different pressures

(4) different forces but same pressure

**76.** In the diagram of animal cell given below, the correct labelling of the parts *A*, *B*, *C* and *D* is




(1) *A*—cell wall, *B*—vacuole, *C*—chloroplast, *D*—nucleus

(2) *A*—cell membrane, *B*—vacuole, *C*—nucleus, *D*—cytoplasm

(3) *A*—cell membrane, *B*—plastids, *C*—nucleus, *D*—chloroplast

(4) *A*—cell wall, *B*—vacuole, *C*—nucleus, *D*—mitochondria

**77.** The odometer reading of a moving car at 8:00 a.m. is 36540 km and at 10:00 a.m. 36666 km. If the car is moving on a zigzag path with variable speeds, its average speed in metres per second is

(1) 6·3

(2) 12·6

(3) 17·5

(4) 35

**75.** लोहे के एक ठोस आयताकार गुटके को किसी मेज़ के शीर्ष पर इसके विभिन्न फलकों को मेज़ को स्पर्श करते हुए रखा गया है। विभिन्न प्रकरणों में लोहे का यह ठोस गुटका आरोपित करता है


(1) समान बल और समान दाब

(2) समान बल परन्तु भिन्न-भिन्न दाब

(3) भिन्न-भिन्न बल और भिन्न-भिन्न दाब

(4) भिन्न-भिन्न बल परन्तु समान दाब

**76.** नीचे दिए गए जन्तु कोशिका के आरेख में *A*, *B*, *C* और *D* भागों का सही नामांकन है




(1) *A*—कोशिका भित्ति, *B*—रिक्तिका, *C*—क्लोरोप्लास्ट (हरित लवक), *D*—केन्द्रक

(2) *A*—कोशिका झिल्ली, *B*—रिक्तिका, *C*—केन्द्रक, *D*—कोशिका द्रव्य

(3) *A*—कोशिका झिल्ली, *B*—प्लैस्टिड, *C*—केन्द्रक, *D*—क्लोरोप्लास्ट (हरित लवक)

(4) *A*—कोशिका भित्ति, *B*—रिक्तिका, *C*—केन्द्रक, *D*—माइटोकॉन्ड्रिया

**77.** किसी गतिमान कार के पथमापी (ओडोमीटर) का प्रातः 8:00 बजे पाठ्यांक 36540 km तथा प्रातः 10:00 बजे पाठ्यांक 36666 km है। यदि कार टेढ़े-मेढ़े पथ पर असमान चाल से गति करती है, तो कार की मीटर प्रति सेकन्ड में औसत चाल है

(1) 6·3

(2) 12·6

(3) 17·5

(4) 35

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ़ कार्य के लिए जगह

**78.** A boy has a thick paste of turmeric. On adding this paste to hydrochloric acid and aqueous solution of sodium hydroxide separately, what colour(s) would he observe?

(1) Yellow in both cases

(2) Yellow in hydrochloric acid and red in sodium hydroxide

(3) Pink in hydrochloric acid and blue in sodium hydroxide

(4) Blue in hydrochloric acid and red in sodium hydroxide

**79.** Study the following statements with reference to the villi of small intestine :

(A) They are finger-like outgrowths and thousands in number.

(B) They have very thin walls.

(C) They have a network of thin and small blood vessels close to the surface.

(D) They have small pores through which food can easily pass.

The statements which enable the villi to absorb the digested food are

(1) (A) and (B) only

(2) (C) and (D) only

(3) (A), (B) and (C)

(4) (B), (C) and (D)

**78.** किसी छात्र के पास हल्दी का गाढ़ा पेस्ट है। इस पेस्ट को हाइड्रोक्लोरिक अम्ल और सोडियम हाइड्रॉक्साइड के जलीय विलयन में अलग-अलग डालने पर वह किस रंग/किन रंगों का प्रेक्षण करेगा?

(1) दोनों प्रकरणों में पीला

(2) हाइड्रोक्लोरिक अम्ल में पीला और सोडियम हाइड्रॉक्साइड में लाल

(3) हाइड्रोक्लोरिक अम्ल में गुलाबी और सोडियम हाइड्रॉक्साइड में नीला

(4) हाइड्रोक्लोरिक अम्ल में नीला और सोडियम हाइड्रॉक्साइड में लाल

**79.** क्षुद्रान्त्र के दीर्घरोम (रसांकुर) के सन्दर्भ में नीचे दिए गए कथनों का अध्ययन कीजिए :

(A) ये अंगुली के समान उभरी हुई संरचनाएँ होती हैं और इनकी संख्या हज़ारों में होती है।

(B) इनकी भित्ति बहुत पतली होती है।

(C) इनमें उनकी सतह के निकट सूक्ष्म रुधिर वाहिकाओं का जाल फैला रहता है।

(D) इनमें महीन छिद्र होते हैं जिनसे भोजन आसानी से गुज़र सकता है।

इनमें से दीर्घरोम को पचे हुए भोजन को अवशोषित करने-योग्य बनाने वाले कथन हैं

(1) केवल (A) और (B)

(2) केवल (C) और (D)

(3) (A), (B) और (C)

(4) (B), (C) और (D)

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ़ कार्य के लिए जगह

**80.** Given below are some food items :

(A) Boiled and mashed potato

(B) Boiled and chewed rice

(C) A slice of bread

(D) Sugar solution

(E) Coconut oil

Which of the above will give blue-black colour when tested with iodine solution?

(1) (A) and (C)

(2) (B) and (D)

(3) (A), (B) and (C)

(4) (A), (C) and (E)

**81.** While teaching the correct method of using a spring balance to Class VIII students, Gunjan mentions the following steps (not in correct sequence) to be followed :

(A) Note the zero error.

(B) Calculate the actual reading.

(C) Note the position of pointer on the graduated scale.

(D) Record the least count of the spring balance.

Which one of the following is the correct sequence of the steps to be followed for the said purpose?

(1) (A), (D), (B), (C)

(2) (D), (A), (C), (B)

(3) (A), (D), (C), (B)

(4) (A), (B), (D), (C)

**80.** नीचे कुछ खाद्य पदार्थ दिए गए हैं :

(A) उबले और पिसे आलू

(B) उबले और चबाए हुए चावल

(C) रोटी (ब्रेड) का एक टुकड़ा

(D) चीनी (शर्करा) का घोल

(E) नारियल का तेल

आयोडिन घोल के साथ परीक्षण करने पर उपर्युक्त में से कौन नीला-काला रंग प्रदान करेंगे?

(1) (A) और (C)

(2) (B) और (D)

(3) (A), (B) और (C)

(4) (A), (C) और (E)

**81.** कक्षा VIII के छात्रों को कमानीदार तुला की सही उपयोग विधि पढ़ाते समय गुंजन ने नीचे दिए गए चरणों (जो सही क्रम में नहीं दिए गए हैं) का पालन करने के लिए कहा :

(A) शून्यांक त्रुटि नोट करना।

(B) वास्तविक पाठ्यांक परिकलित करना।

(C) अंशांकित पैमाने पर संकेतक की स्थिति नोट करना।

(D) कमानीदार तुला का अल्पतमांक रिकॉर्ड करना।

निम्नलिखित में से इन चरणों का सही क्रम किसमें दिया गया है?

(1) (A), (D), (B), (C)

(2) (D), (A), (C), (B)

(3) (A), (D), (C), (B)

(4) (A), (B), (D), (C)

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ़ कार्य के लिए जगह

82. Which one of the following is ***not*** a desired objective of learning of Science at upper primary stage?

(1) To acquire scientific literacy
(2) To develop rational thinking
(3) To acquire essential process skills
(4) To perform better in competitive examinations

83. The technique of role-play is considered to be an effective strategy in teaching of Science because

(1) it ensures better understanding of one's role in real life
(2) it ensures active participation of students in the process of learning
(3) it is likely to promote social skills of students
(4) it ensures breaking of monotony in the process of learning

84. Science is considered to be questioning, exploring, doing and investigating. Which of the following activities, carried out by Dipika in teaching of Science, is best suited to satisfy these criteria?

(1) Unit test on microorganisms
(2) A group discussion on common diseases
(3) A debate on environmental issues
(4) Project work on nature of sound

85. The National Curriculum Framework (NCF), 2005 recommends that teaching of Science at upper primary stage should emphasize maximum on

(1) relating classroom learning to life outside the school
(2) memorizing all scientific terms given in textbook
(3) answering all questions given in textbook exercises
(4) improving students' performance in examinations

82. उच्च प्राथमिक स्तर पर विज्ञान सीखने का नीचे दियां गया कौन-सा उद्देश्य वांछनीय उद्देश्य **नहीं** है?

(1) वैज्ञानिक साक्षरता अर्जित करना
(2) तार्किक सोच विकसित करना
(3) आवश्यक प्रक्रिया-कौशल अर्जित करना
(4) प्रतियोगी परीक्षाओं में अच्छा प्रदर्शन करना

83. विज्ञान-शिक्षण में रोल-प्ले की तकनीक को एक प्रभावी नीति मानने का कारण यह है कि

(1) यह वास्तविक जीवन में किसी की भूमिका को अच्छी प्रकार से समझना सुनिश्चित करती है
(2) यह अधिगम-प्रक्रिया में छात्र की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करती है
(3) यह छात्रों की सामाजिक कुशलताओं को बढ़ावा दे सकती है
(4) यह अधिगम-प्रक्रिया में एकरसता को तोड़ना सुनिश्चित करती है

84. विज्ञान को प्रश्न करना, खोजबीन करना, स्वयं करना और अन्वेषण करना माना जाता है। विज्ञान-शिक्षण के समय दीपिका द्वारा कराए गए नीचे दिए गए क्रियाकलापों में से कौन-सा उन मानदण्डों को संतुष्ट करने के लिए सबसे उपयुक्त है?

(1) सूक्ष्म-जीवों पर यूनिट टेस्ट
(2) सामान्य रोगों पर सामूहिक चर्चा
(3) पर्यावरणीय समस्याओं पर वाद-विवाद
(4) ध्वनि की प्रकृति पर परियोजना कार्य

85. राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा, 2005 में यह अनुशंसा (सिफारिश) की गई है कि उच्च प्राथमिक स्तर पर विज्ञान-शिक्षण में अधिक बल दिया जाना चाहिए

(1) कक्षा की पढ़ाई को विद्यालय के बाहरी जीवन से सम्बन्धित करने के लिए
(2) पाठ्यपुस्तक में दिए गए सभी वैज्ञानिक पदों को याद करने के लिए
(3) पाठ्यपुस्तक के अभ्यास के सभी प्रश्नों के उत्तर देने के लिए
(4) परीक्षाओं में विद्यार्थियों के प्रदर्शन में सुधार लाने के लिए

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ़ कार्य के लिए जगह

**86.** Geeta is preparing a lesson-plan for teaching the topic on 'Human eye' to Class VIII students. Inclusion of which of the following activities in the lesson-plan is likely to be most effective in helping the students understand related concepts better?

(1) Preparing a good home assignment
(2) Dictating notes to students in the classroom
(3) Using student activities and interactive classroom questioning
(4) Demonstration using model of human eye

**87.** On the basis of recommendations of National Curriculum Framework (NCF), 2005, NCERT textbooks in Science lay greater emphasis on

(A) discouraging rote learning
(B) maintaining sharp boundaries between different domains of Science curriculum
(C) providing active learning experiences to students
(D) learning exact definitions of scientific terms

Which one of the following pairs represents the combination of correct statements given above?

(1) (A) and (B)
(2) (A) and (C)
(3) (C) and (D)
(4) (B) and (C)

**88.** Which one of the following approaches adopted by a Science teacher reflects scientific temper on her part?

(1) Maintaining perfect discipline in the class
(2) Covering the prescribed syllabus as quickly as possible
(3) Encouraging students to ask questions in the classroom
(4) Preparing difficult question papers to enhance learning

**86.** गीता कक्षा VIII के छात्रों को 'मानव नेत्र' विषय पढ़ाने के लिए पाठ-योजना बना रही है। नीचे दिए गए क्रियाकलापों में किसे पाठ-योजना में सम्मिलित करने पर पाठ अधिक प्रभावी बन सकता है और छात्रों की सम्बन्धित संकल्पनाओं को अच्छी तरह समझ सकने में सहायता कर सकता है?

(1) अच्छा गृह कार्य बनाना
(2) कक्षा में छात्रों को नोट लिखवाना
(3) छात्रों के क्रियाकलापों और कक्षा में पारस्परिक प्रश्नोत्तर का उपयोग करना
(4) मानव नेत्र के मॉडल का निदर्शन करना

**87.** राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा, 2005 की सिफारिशों के आधार पर NCERT की विज्ञान की पुस्तकों में अधिक बल दिया गया है

(A) रटने की प्रवृत्ति को हतोत्साहित करने पर
(B) विज्ञान की पाठ्यचर्या के विभिन्न कार्य-क्षेत्रों के बीच तीक्ष्ण सीमाएँ बनाए रखने पर
(C) छात्रों को सक्रिय अधिगम अनुभव प्रदान करने पर
(D) वैज्ञानिक पदों की यथार्थ परिभाषाएँ सीखने पर

नीचे दिया गया कौन-सा युगल उपर्युक्त सही कथनों के संयोजन को निरूपित करता है?

(1) (A) और (B)
(2) (A) और (C)
(3) (C) और (D)
(4) (B) और (C)

**88.** विज्ञान शिक्षिका द्वारा अपनाए नीचे दिए गए उपगमनों में से कौन-सा उपगमन उस शिक्षिका की वैज्ञानिक मनःस्थिति को दर्शाता है?

(1) कक्षा में पूर्ण अनुशासन बनाए रखना
(2) यथासम्भव शीघ्र प्रस्तावित पाठ्यक्रम को समाप्त करना
(3) कक्षा में छात्रों को प्रश्न पूछने के लिए प्रोत्साहित करना
(4) अधिगम में बढ़ोतरी करने के लिए कठिन प्रश्न-पत्र बनाना

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ़ कार्य के लिए जगह

89. The following steps (not in the proper sequence) are generally recommended to be followed in scientific method :

(A) Testing of hypothesis

(B) Formulation of hypothesis

(C) Identification of problem

(D) Collection of data

(E) Drawing of conclusion

Which one of the following is the correct sequence of the above steps to be followed for this purpose?

(1) (C), (A), (D), (B), (E)

(2) (C), (B), (D), (A), (E)

(3) (D), (C), (B), (A), (E)

(4) (B), (C), (A), (D), (E)

90. Hands-on activities and projects form an integral part of learning of Science. These learning experiences primarily aim at

(1) assessing the students on practical skills

(2) keeping the students engaged all the time

(3) maintaining discipline in the laboratory

(4) providing opportunity to students for extended learning

89. वैज्ञानिक विधि के लिए सामान्यतः निम्नलिखित चरणों का पालन करने की (ये चरण उचित क्रम में नहीं दिए गए हैं) सिफारिश की जाती है :

(A) परिकल्पना का परीक्षण

(B) परिकल्पना बनाना

(C) समस्या की पहचान

(D) आँकड़ों को एकत्र करना

(E) निष्कर्ष निकालना

निम्नलिखित में से इन चरणों का सही क्रम कौन-सा है?

(1) (C), (A), (D), (B), (E)

(2) (C), (B), (D), (A), (E)

(3) (D), (C), (B), (A), (E)

(4) (B), (C), (A), (D), (E)

90. हस्तसिद्ध क्रियाकलाप और परियोजनाएँ विज्ञान सीखने के अभिन्न अंग हैं। इन अधिगम अनुभवों का मुख्य उद्देश्य है

(1) प्रायोगिक कौशलों पर छात्रों का मूल्यांकन

(2) छात्रों को हर समय व्यस्त रखना

(3) प्रयोगशाला में अनुशासन बनाए रखना

(4) विस्तारित अधिगम के लिए छात्रों को अवसर प्रदान करना

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ़ कार्य के लिए जगह

| | |
|---|---|
| Candidates have to do Question Nos. **31** to **90** *Either* from Part—II (Mathematics and Science) *Or* from Part—III (Social Studies/ Social Science). | परीक्षार्थियों को प्रश्न सं० **31** से **90** या तो भाग—II (गणित और विज्ञान) या भाग—III (सामाजिक अध्ययन / सामाजिक विज्ञान) से करने हैं। |

## PART—III / भाग—III

## SOCIAL STUDIES/SOCIAL SCIENCE / सामाजिक अध्ययन/सामाजिक विज्ञान

***Directions*** : Answer the following questions by selecting the *most appropriate option.*

**31.** The movement *Vande Mataram* in Andhra region was known as

(1) Non-Cooperation

(2) Swadeshi

(3) Civil Disobedience

(4) Khilafat

**32.** The book, *Stri-Purush Tulana*, which is based on criticism of the social differences between men and women, was authored by which of the following scholars?

(1) Pandita Ramabai

(2) Begum Rokeya

(3) Tarabai Shinde

(4) Rasasundari Devi

**33.** The Christian missionaries in the 19th century wanted to introduce Christian education in India to

(1) educate elite class

(2) improve moral character of the people

(3) educate masses

(4) make Indians loyal to Company government

**34.** With the industrialization of Britain in the 19th century

(1) India became main supplier of the raw materials to British industries

(2) India provided cheap labour to British industries

(3) India became vast market for British industrial products

(4) many industries were established in India

***निर्देश*** : निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए **सबसे उचित विकल्प** चुनिए।

**31.** आन्ध्र क्षेत्र में 'वन्दे मातरम्' आन्दोलन को निम्नलिखित में से किस नाम से जाना जाता था?

(1) असहयोग

(2) स्वदेशी

(3) सविनय अवज्ञा

(4) खिलाफ़त

**32.** निम्नलिखित में से किस विदुषी ने स्त्री और पुरुष के बीच सामाजिक अन्तरों की आलोचना पर आधारित पुस्तक, *स्त्री-पुरुष तुलना* का लेखन किया था?

(1) पंडिता रमाबाई

(2) बेगम रोकेया

(3) ताराबाई शिन्दे

(4) राससुन्दरी देवी

**33.** 19वीं सदी में ईसाई मिशनरियों ने भारत में क्रिश्चियन शिक्षा को क्यों लागू करना चाहा?

(1) संभ्रान्त वर्ग को शिक्षित करने के लिए

(2) लोगों के नैतिक चरित्र को सुधारने के लिए

(3) जनसामान्य को शिक्षित करने के लिए

(4) भारतीयों को कम्पनी सरकार के प्रति वफ़ादार बनाने के लिए

**34.** 19वीं सदी में ब्रिटेन के उद्योगीकरण के साथ निम्नलिखित में से कौन-सा परिवर्तन हुआ?

(1) भारत ब्रिटिश उद्योगों को कच्चे माल की आपूर्ति करने वाला प्रमुख देश बन गया

(2) भारत ने ब्रिटिश उद्योगों को सस्ते मज़दूर उपलब्ध करवाए

(3) भारत ब्रिटिश औद्योगिक उत्पादों के लिए बड़ा बाज़ार बन गया

(4) भारत में अनेक उद्योग स्थापित किए गए

**35.** In which land revenue settlement, the *Rajas* and *Talukadars* were recognized as *Zamindars*?
(1) Ryotwari Settlement
(2) Mahalwari Settlement
(3) Permanent Settlement
(4) Pattidari Settlement

**36.** Begum Hazrat Mahal took an active part in organizing the uprising against British at
(1) Kanpur
(2) Lucknow
(3) Faizabad
(4) Allahabad

**37.** Which of the following Acts transferred the administration of India from the East India Company to British Crown?
(1) Act of 1833
(2) Act of 1858
(3) Act of 1861
(4) Act of 1868

**38.** In the medieval Assam, *Paiks* were
(1) forced labourers
(2) plantation workers
(3) water carriers
(4) members of conscript army

**39.** 'Manigramam' and 'Nanadesi' were
(1) famous towns during Chola period
(2) famous guilds of South India
(3) administrative units of Cholas
(4) famous villages given as *Brahmadeya* to Brahmanas

**40.** Cited below are some sites and present-day States where the evidences of grain and bones of domestic animals have been found :

| | *Name of the Site* | | *Present-day State* |
|---|---|---|---|
| A. | Chirand | E. | Kashmir |
| B. | Koldihwa | F. | Uttar Pradesh |
| C. | Burzahom | G. | Andhra Pradesh |
| D. | Hallur | H. | Bihar |

The correct match of the above two columns is
(1) AH; BF; CE; DG
(2) AG; BH; CF; DE
(3) AE; BG; CH; DF
(4) AF; BE; CG; DH

**35.** भू-राजस्व के कौन-से समझौते में राजाओं और ताल्लुकादारों को जमींदारों के रूप में मान्यता दी गई?
(1) रैयतवारी समझौता
(2) महालवारी समझौता
(3) स्थायी समझौता
(4) पट्टीदारी समझौता

**36.** बेगम हज़रत महल ने अंग्रेज़ों के विरुद्ध विद्रोह भड़काने में निम्नलिखित में से किस नगर से सक्रिय भाग लिया?
(1) कानपुर
(2) लखनऊ
(3) फैजाबाद
(4) इलाहाबाद

**37.** निम्नलिखित में से किस अधिनियम (ऐक्ट) के अन्तर्गत भारतीय प्रशासन को ईस्ट इंडिया कम्पनी से ब्रिटिश क्राउन को स्थानान्तरित किया गया?
(1) 1833 का अधिनियम
(2) 1858 का अधिनियम
(3) 1861 का अधिनियम
(4) 1868 का अधिनियम

**38.** मध्यकालीन असम में 'पाइक' निम्नलिखित में से क्या थे?
(1) बलात् मज़दूर
(2) बागान में काम करने वाले मज़दूर
(3) पानी लाने वाले
(4) अनिवार्य सेना के सदस्य

**39.** 'मनीग्राम' और 'नानदेसी' निम्नलिखित में से क्या थे?
(1) चोल काल के प्रसिद्ध शहर
(2) दक्षिण भारत के प्रसिद्ध व्यापारसंघ
(3) चोल शासन की प्रशासनिक इकाइयाँ
(4) ब्राह्मणों को 'ब्रह्मदेय' के रूप में दिए गए प्रसिद्ध गाँव

**40.** नीचे कुछ स्थानों एवं वर्तमान राज्य के नाम दिए गए हैं जहाँ अनाज और पालतू पशुओं के प्रमाण/साक्ष्य पाए गए हैं :

| | *स्थान का नाम* | | *वर्तमान राज्य* |
|---|---|---|---|
| A. | चिरान्ड | E. | काश्मीर |
| B. | कोलदिह्वा | F. | उत्तर प्रदेश |
| C. | बर्ज़ोहम | G. | आन्ध्र प्रदेश |
| D. | हालुर | H. | बिहार |

उपर्युक्त दो कॉलमों के सही जोड़े हैं
(1) AH; BF; CE; DG
(2) AG; BH; CF; DE
(3) AE; BG; CH; DF
(4) AF; BE; CG; DH

41. The Rivers Ganga and Yamuna are named —— in the *Rigveda*.
(1) around a thousand times
(2) a hundred times
(3) twelve times
(4) once

42. Which one of the following features is common to Buddhism and Jainism both?
(1) Only those who left their homes could gain true knowledge
(2) Both of these religions were supported mainly by traders
(3) Man had to give up everything, including their clothes to gain salvation
(4) The constant craving for more could be removed by following moderate path

43. Who amongst the following said that, "The upper castes had no right to their land because in reality, the land belonged to indigenous people, the so-called low castes"?
(1) Shri Narayan Guru
(2) Haridas Thakur
(3) Ghasidass
(4) Jyotirao Phule

44. Which one of the following statements is appropriate in reference to the construction of Audience Hall (*Diwan-e-Aam*) by Shah Jahan?
(1) White marble of the Taj Mahal is a symbol of peace
(2) King's justice would treat the high and the low as equals
(3) Contentedness in the subject helps to rule better
(4) It was a necessity to bring the rate of crimes under control

45. Who amongst the following could **not** be a member of a *Sabha* as laid down in the inscriptions from Uttaramerur in Chingleput district of Tamil Nadu?
(1) Those between the age of 35 and 70 years
(2) Those having knowledge of the Vedas
(3) Those who have their own homes
(4) Those who have not submitted their accounts

41. ऋग्वेद में गंगा और यमुना नदी का —— बार नाम आया है।
(1) लगभग एक हजार
(2) सौ
(3) बारह
(4) एक

42. निम्नलिखित में से कौन-सी विशेषता बौद्ध और जैन दोनों धर्मों में है?
(1) केवल वही सच्चा ज्ञान प्राप्त कर सकते हैं जो घर त्याग देते हैं
(2) इन दोनों धर्मों को मुख्यतः व्यापारियों का समर्थन प्राप्त था
(3) मुक्ति पाने के लिए मनुष्य को अपने वस्त्रों सहित सब कुछ त्यागना होता है
(4) अधिक पाने की निरन्तर इच्छा को मध्य मार्ग अपनाकर समाप्त किया जा सकता है

43. निम्नलिखित में से किसने कहा था कि "उच्च जातियों का उनकी भूमि पर कोई अधिकार नहीं है, क्योंकि वास्तव में भूमि का सम्बन्ध देशज लोगों से है अर्थात् तथाकथित निम्न जातियों से"?
(1) श्रीनारायण गुरु
(2) हरिदास ठाकुर
(3) घासीदास
(4) ज्योतिराव फुले

44. शाहजहाँ द्वारा दीवाने आम बनवाने के सन्दर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन उपयुक्त है?
(1) ताजमहल का सफेद संगमरमर शान्ति का प्रतीक है
(2) राजा का न्याय छोटे-बड़े को एकसमान मानता है
(3) प्रजा में सन्तोष बेहतर शासन में सहायता करता है
(4) अपराध की दर को नियन्त्रित करना आवश्यक था

45. तमिलनाडु के चिंगलेपुट ज़िला में उत्तरामेरूर के शिलालेख में निर्धारित नियम के कारण निम्नलिखित में से कौन 'सभा' के सदस्य **नहीं** बन सकते?
(1) 35 से 70 वर्ष की आयु के लोग
(2) वेदों का ज्ञान रखने वाले लोग
(3) वे, जिनके अपने घर थे
(4) वे, जिन्होंने अपना हिसाब-किताब नहीं दिया था

46. Which one of the following facts does **not** hold true about *Grama-Bhojaka*, the village headman in the northern parts of India?
(1) He was often the largest landowner
(2) His post was hereditary
(3) The king never used him to collect taxes
(4) Generally, he had slaves and hired workers to cultivate the land

47. Which property of a soil is determined by the parent rock?
(1) Rate of weathering and humus
(2) Thickness of soil
(3) Accumulation of soil
(4) Chemical properties, permeability and texture

48. Minerals that lie near the earth surface are simply dug out by the process known as
(1) quarrying
(2) calcination
(3) open-cast mining
(4) sintering

49. The oldest rocks in the world are found in
(1) Western Australia
(2) South Africa
(3) South India
(4) Hawaii Islands

50. Activity that changes raw material into products of more value is called
(1) primary activity
(2) secondary activity
(3) economic activity
(4) tertiary activity

51. The Apache and the Crow are
(1) tribes of North America
(2) nomads of Kenya
(3) music bands of the USA
(4) documentaries on environment

52. Which of the following is an example of Sunrise Industry?
(1) IT industry
(2) Cooking oil industry
(3) Paper industry
(4) Jute industry

46. निम्नलिखित में से कौन-सा तथ्य भारत के उत्तरी भागों में गाँव-प्रमुख 'ग्राम-भोजका' के विषय में सत्य **नहीं** है?
(1) वह प्रायः बड़ा भूस्वामी होता था
(2) उसको पद विरासत में मिलता था
(3) राजा ने उसको कभी टैक्स एकत्र करने के लिए प्रयोग नहीं किया
(4) प्रायः उसके पास दास होते थे और वह भूमि पर खेती करने के लिए मज़दूरों को लगाया करता था

47. मृदा के कौन-से गुण का निर्धारण जनक चट्टान करती है?
(1) अपक्षय की दर और खाद-मिट्टी
(2) मृदा की मोटाई
(3) मृदा का जमाव
(4) रासायनिक गुण, पारगम्यता एवं संरचना

48. धरातल के निकट पाए जाने वाले खनिजों को साधारणतया खोदकर निकालने की प्रक्रिया को क्या कहते हैं?
(1) उत्खनन
(2) निस्तापन
(3) विवृत-खान खनन
(4) सिन्टरन

49. दुनिया की प्राचीनतम चट्टानें निम्न में से कहाँ स्थित हैं?
(1) पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया
(2) दक्षिण अफ्रीका
(3) दक्षिण भारत
(4) हवाई द्वीप

50. कच्चे माल को अधिक मूल्यवान उत्पाद में बदलने वाली क्रिया को क्या कहा जाता है?
(1) प्राथमिक क्रिया
(2) द्वितीयक क्रिया
(3) आर्थिक क्रिया
(4) तृतीयक क्रिया

51. अपैची और क्रो निम्नलिखित में से क्या हैं?
(1) उत्तरी अमरीका के कबीले
(2) कीनिया के घुमन्तू (ख़ानाबदोश)
(3) अमरीका के म्यूज़िक बैंड
(4) पर्यावरण पर वृत्तचित्र

52. निम्नलिखित में से कौन-सा सनराइज़ उद्योग का एक उदाहरण है?
(1) सूचना प्रौद्योगिकी उद्योग
(2) खाद्य तेल उद्योग
(3) कागज उद्योग
(4) पटसन उद्योग

**53.** Which region is known as the 'Orchard of the World'?

(1) Orange Country of South Africa
(2) Kashmir Valley of India
(3) Mediterranean region
(4) Queensland in Australia

**54.** Which one of the following helps the ships to navigate?

(1) Area of high tides
(2) Area of low tides
(3) Area where the warm ocean currents and cold currents meet
(4) Area of ocean currents

**55.** The radio waves transmitted from the earth are reflected back to the earth by

(1) exosphere
(2) mesosphere
(3) stratosphere
(4) thermosphere

**56.** The balance in the environment gets disturbed if

(1) the relative number of species is not disturbed
(2) human activities continue to preserve natural habitats
(3) indiscriminate killing of wildlife is banned
(4) deforestation and soil erosion continue

**57.** Which one of the following is ***not*** a principle of sustainable development?

(1) Maximum use of natural resources
(2) Respect and care for all forms of life
(3) Change in personal attitude and practices towards environment
(4) Improvement in the quality of human life

**58.** Two cities $N$ and $M$ are located at 15° E and 15° W of Greenwich respectively. What will be the difference in time between these two cities?

(1) 30 minutes
(2) 1 hour
(3) 1 hour 30 minutes
(4) 2 hours

**53.** निम्नलिखित में से किस क्षेत्र को 'विश्व का फलोद्यान' कहा जाता है?

(1) दक्षिण अफ्रीका का ऑरेन्ज क्षेत्र
(2) भारत की काश्मीर घाटी
(3) भूमध्यीय क्षेत्र
(4) ऑस्ट्रेलिया में क्वींसलैन्ड

**54.** निम्नलिखित में से कौन जहाजों के नौकायन में सहायता करता है?

(1) उच्च ज्वारीय क्षेत्र
(2) कम ज्वार का क्षेत्र
(3) ऐसे क्षेत्र जहाँ गर्म समुद्री धाराएँ और शीत समुद्री धाराएँ मिलती हैं
(4) समुद्री धाराओं का क्षेत्र

**55.** पृथ्वी द्वारा प्रसारित (प्रेषित) रेडियो तरंगों को वापस पृथ्वी पर कौन परावर्तित करता है?

(1) बाह्यमण्डल
(2) मध्यमण्डल
(3) समतापमण्डल
(4) तापमण्डल

**56.** पर्यावरण में संतुलन बिगड़ जाता है, यदि

(1) प्रजातियों की सापेक्ष संख्या के साथ छेड़छाड़ न की जाए
(2) मानवीय गतिविधियाँ प्राकृतिक पर्यावास को संरक्षित करती रहें
(3) जंगली जानवरों का विवेकहीन शिकार किया जाना निषेध हो
(4) निर्वनीकरण तथा भू-अपरदन चलता रहे

**57.** निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प पोषणीय (दीर्घजीवी) विकास का सिद्धान्त **नहीं** है?

(1) प्राकृतिक संसाधनों का अधिकतम प्रयोग
(2) जीवन के प्रत्येक प्रकार का सम्मान और उसकी देखभाल
(3) पर्यावरण के प्रति व्यक्तिगत रवैये और व्यवहार में परिवर्तन
(4) मानव-जीवन की गुणवत्ता में बढ़ोतरी

**58.** दो शहर $N$ और $M$ ग्रीनविच के क्रमशः 15° पूर्व तथा 15° पश्चिम पर स्थित हैं। इन दो शहरों के समय में कितना अन्तर होगा?

(1) 30 मिनट
(2) 1 घण्टा
(3) 1 घण्टा 30 मिनट
(4) 2 घण्टे

59. The Minimum Wages Act

(1) specifies that minimum wages should be given to labourers
(2) specifies that the wages should not be below a specific minimum
(3) allows employers to decide minimum wages of their employees
(4) covers only government employees under the organized sector

60. Which Article of the Constitution prescribes that the enforcement of any disability arising out of 'untouchability' shall be an offence punishable in accordance with law?

(1) Article 15
(2) Article 17
(3) Article 21
(4) Article 28

61. What is the key reason of inequality in India?

(1) Poverty
(2) Religion
(3) Caste
(4) Sex

62. Right to the constitutional remedies

(1) protects the Fundamental Rights of citizen
(2) is about the Constitution remedying itself by amendments
(3) excludes the Right to Education Act, 2009
(4) gives judiciary the power to strike down a law enacted by the Parliament

63. According to the Hindu Succession (Amendment) Act, 2005

(1) only sons or male members of the family can have right in family property
(2) only wife has right to inherit property of her deceased husband
(3) sons, daughters and their mothers can get an equal share of family property
(4) followers of the Arya Samaj will not be governed by this Act

59. न्यूनतम वेतन अधिनियम

(1) निश्चित करता है कि मज़दूरों को न्यूनतम वेतन मिलना चाहिए
(2) निश्चित करता है कि वेतन एक निश्चित न्यूनतम से कम नहीं होना चाहिए
(3) नियोगकर्त्ताओं को कर्मचारियों का न्यूनतम वेतन निश्चित करने की छूट देता है
(4) संगठित क्षेत्र के केवल सरकारी कर्मचारियों के लिए है

60. संविधान के किस अनुच्छेद के अन्तर्गत 'अस्पृश्यता' के कारण किसी अयोग्यता को लागू करना कानून के अनुसार एक दण्डनीय अपराध होगा?

(1) अनुच्छेद 15
(2) अनुच्छेद 17
(3) अनुच्छेद 21
(4) अनुच्छेद 28

61. भारत में असमानता का मुख्य कारण क्या है?

(1) गरीबी
(2) धर्म
(3) जाति
(4) लिंग

62. संवैधानिक उपचारों का अधिकार

(1) नागरिकों के मौलिक अधिकारों की रक्षा करता है
(2) संविधान संशोधन द्वारा स्वयं को सुधारने के विषय में है
(3) शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 को निष्कासित करता है
(4) न्यायपालिका को संसद द्वारा लागू कानून को निरस्त करने की शक्ति प्रदान करता है

63. हिन्दू उत्तराधिकार (संशोधन) अधिनियम, 2005 के अनुसार निम्नलिखित में से क्या सत्य है?

(1) परिवार के केवल पुत्रों अथवा पुरुष सदस्यों को ही पारिवारिक सम्पत्ति में अधिकार-प्राप्त है
(2) केवल पत्नी को अपने दिवंगत पति की सम्पत्ति में उत्तराधिकार है
(3) पुत्रों, पुत्रियों और उनकी माताओं का पारिवारिक सम्पत्ति में बराबर हिस्सा होता है
(4) आर्य समाज के अनुयायियों पर यह अधिनियम लागू नहीं होता

**64.** Which of the following comes under the function of the State Government?

(1) To maintain peaceful relationship with Pakistan and Bangladesh

(2) Decision to discontinue the Board Examination for Class X

(3) Introduction of new train between New Delhi and Vasco da Gama

(4) Introduction of a new design of 1000 rupee note

**65.** Dropout rates of Dalit and Adivasi girls are highest because

(1) their parents do not value education

(2) of poverty and social discrimination

(3) of non-availability of all-girl schools

(4) benefit of their education will be available to their in-law's family

**66.** Which one of the following is ***not*** a social advertisement?

(1) Atithi Devo Bhava

(2) Life Insurance—Zindagi Ke Saath Bhi, Zindagi Ke Baad Bhi

(3) Lane driving is life driving

(4) Save every drop of water

**67.** Identify the issue which is hardly focused upon by the media despite its significance.

(1) Murders and killings

(2) Demolition of buildings

(3) Gender sensitivity

(4) Drinking water

**68.** With reference to judiciary, identify the odd one out of the following provisions.

(1) Separation of powers

(2) Once appointed to office, it is very difficult to remove a judge

(3) The judges are appointed without any interference from the government

(4) The tenure of service for judges is fixed

**64.** निम्नलिखित में से कौन-सा कार्य राज्य सरकार का है?

(1) पाकिस्तान और बांग्लादेश के साथ शान्तिपूर्ण सम्बन्ध बनाना

(2) दसवीं कक्षा में बोर्ड परीक्षा को बन्द करना

(3) नई दिल्ली और वास्को डि गामा के बीच नई गाड़ी चलाना।

(4) 1000 रुपया के नोट का नया डिज़ाइन लागू करना

**65.** दलित और आदिवासी लड़कियों द्वारा स्कूल छोड़ने की दर सबसे अधिक है

(1) क्योंकि उनके माता-पिता शिक्षा को महत्त्व नहीं देते

(2) गरीबी और सामाजिक भेदभाव के कारण

(3) लड़कियों के लिए अलग स्कूल नहीं मिलने के कारण

(4) शिक्षा का लाभ लड़की के ससुराल वालों को मिलने के कारण

**66.** निम्नलिखित में से कौन-सा विज्ञापन सामाजिक नहीं है?

(1) अतिथि देवो भव

(2) जीवन बीमा—जिन्दगी के साथ भी, जिन्दगी के बाद भी

(3) लेन में गाड़ी चलाना बुद्धिमत्तापूर्ण है

(4) पानी की प्रत्येक बूँद बचाइए

**67.** ऐसे मुद्दे की पहचान कीजिए जिसके महत्त्वपूर्ण होने के बावजूद मीडिया ने शायद ही उस पर ध्यान दिया है।

(1) हत्याएँ

(2) भवनों को गिराना

(3) लैंगिक संवेदनशीलता

(4) पीने का पानी

**68.** न्यायपालिका के सन्दर्भ में निम्नलिखित प्रावधानों में से भिन्न को पहचानिए।

(1) शक्तियों का पृथक्करण

(2) एक बार नियुक्ति के बाद न्यायाधीश को हटाना बहुत कठिन है

(3) न्यायाधीशों की नियुक्ति सरकारी हस्तक्षेप के बिना होती है

(4) न्यायाधीशों का सेवा-काल निश्चित होता है

69. D. K. Basu Guidelines laid down by the Supreme Court of India are about

(1) prevention of sexual harassment of women at workplaces
(2) protection of children from sexual offences in schools
(3) procedures to be used by various agencies for the arrest, detention and interrogation of any person
(4) procedures to be followed for the reelection in a constituency

70. In Subhash Kumar *vs* State of Bihar (1991), the Supreme Court held that the

(1) Right to Freedom includes expressing criticism of the government
(2) Right to Life includes the right to the enjoyment of pollution-free water and air
(3) Right to Freedom of Religion does not include criticizing the other religions
(4) Right to Equality should force private companies to provide reservation in jobs

71. Which characteristic of the traditional external examination is excluded in the present school-based assessment?

(1) Emphasis on systematic learning
(2) Emphasis only on the scholastic aspects of learning
(3) Consideration of the needs of the learner
(4) Rapport among learners, teachers and parents close to each other

72. Before assigning a new type of assignment, a teacher must tell her students

(1) that the forthcoming assessment will be/will not be based on this assignment
(2) about the weighting of this assignment in their final result
(3) about her expectation from students in terms of learning from doing the assignment
(4) about the requisite previous experience students must possess for doing this assignment

69. सर्वोच्च न्यायालय द्वारा निर्धारित डी० के० बासु दिशा-निर्देश (Guidelines) निम्नलिखित में से किसके बारे में हैं?

(1) कार्यस्थलों पर महिलाओं के साथ यौन उत्पीड़न को रोकना
(2) स्कूलों में बच्चों को यौन अपराधों से बचाना
(3) किसी व्यक्ति को गिरफ्तार करने, रोके रखने तथा उनसे पूछताछ करने के लिए विभिन्न एजेन्सियों द्वारा प्रयोग किए जाने वाले तरीके
(4) किसी चुनाव-क्षेत्र में पुनः चुनाव के लिए अपनाई जाने वाली विधियाँ

70. सुभाष कुमार *बनाम* बिहार राज्य (1991) के मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने निम्नलिखित में से क्या निर्णय दिया था?

(1) स्वतंत्रता के अधिकार में सरकार की आलोचना करना शामिल है
(2) जीवन के अधिकार में प्रदूषण-मुक्त पानी और हवा पर अधिकार शामिल है
(3) धार्मिक स्वतंत्रता के अधिकार में अन्य धर्मों की आलोचना करना शामिल नहीं है
(4) समानता के अधिकार द्वारा प्राइवेट कम्पनियों पर नौकरियों में आरक्षण देने के लिए जोर दिया जाना चाहिए

71. वर्तमान स्कूल-आधारित आकलन में पारम्परिक बाह्य परीक्षा की किस विशेषता को शामिल नहीं किया जाता?

(1) सुव्यवस्थित क्रमबद्ध अधिगम पर बल
(2) अधिगम के केवल शैक्षिक पक्ष पर बल
(3) शिक्षार्थी की आवश्यकताओं पर विचार करना
(4) एक-दूसरे के निकट शिक्षार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों के बीच सौहार्द

72. एक नये प्रकार के कार्य को देने से पहले शिक्षिका को अपने विद्यार्थियों को अवश्य बताना चाहिए

(1) कि आगामी आकलन इस कार्य पर आधारित होगा/नहीं होगा
(2) अन्तिम परिणाम में इस कार्य को दिए गए अधिभार के बारे में
(3) कि इस कार्य को करने से प्राप्त अधिगम से उसकी (शिक्षिका) विद्यार्थियों से अपेक्षाएँ क्या हैं
(4) इस कार्य को करने के लिए आवश्यक पूर्व अनुभव के बारे में, जो विद्यार्थियों में अवश्य ही होना चाहिए

**73.** Four children of Class VIII were asked to create some creative articles from the waste material. On completion of the assignment, the teacher gave the following observations. On the basis of this information, adjudge the most creative child.

(1) Most of the time uses imagination, is conscious not to use expensive material

(2) Discusses with teacher constantly and asks for approval at each step

(3) With little guidance, can make reasonably good items

(4) Skillful and possesses a vision to convert waste material into productive items

**74.** Projects in Social Science are useful

a. in theme-based tasks

b. if they do not involve collection and analysis

c. if based on contexts from within the text

d. for the group work in class or at home

Which two alternatives from amongst the forms given above are correct?

(1) b and d

(2) a and b

(3) a and d

(4) c and d

**75.** Capacity Building Programmes are essential for the teachers of Social Science because

(1) they are related to their professional growth

(2) their increment in salary is contingent upon Capacity Building Programme

(3) schools have been asked to do so by the CBSE to keep the teachers busy

(4) they require conceptual and pedagogical clarity in different components of Social Science

**73.** आठवीं कक्षा के चार बच्चों से व्यर्थ सामग्री से कुछ रचनात्मक वस्तुएँ बनाने को कहा गया था। कार्य पूरा होने पर शिक्षक ने निम्नलिखित टिप्पणियाँ की। इस सूचना के आधार पर सबसे अधिक रचनात्मक बच्चे को चुनिए।

(1) अधिकांश समय कल्पना का प्रयोग करता है, महँगी सामग्री प्रयोग न करने के प्रति सचेत है

(2) शिक्षक के साथ निरन्तर चर्चा करता है और हर कदम पर उसकी स्वीकृति लेता है

(3) थोड़े से मार्गदर्शन से ही बहुत अच्छी चीज़ें बना सकता है

(4) कौशल से परिपूर्ण तथा व्यर्थ सामग्री को उत्पादक वस्तुओं में बदलने की दृष्टि रखता है

**74.** सामाजिक विज्ञान में परियोजना कार्य (projects) उपयोगी होते हैं

a. विषय-आधारित कार्यों में

b. यदि उनमें संग्रहण और विश्लेषण नहीं करना हो

c. यदि पाठ्यसामग्री के अंतर्गत सन्दर्भों पर आधारित हों

d. कक्षा अथवा घर पर समूह में कार्य करने के लिए

उपर्युक्त विकल्पों में से कौन-से दो सही हैं?

(1) b और d

(2) a और b

(3) a और d

(4) c और d

**75.** सामाजिक विज्ञान के अध्यापकों के लिए क्षमता-निर्माण कार्यक्रम अनिवार्य हैं, क्योंकि

(1) ये उनकी व्यावसायिक प्रगति से सम्बन्धित हैं

(2) उनके वेतन में वृद्धि क्षमता-निर्माण कार्यक्रम पर निर्भर करती है

(3) अध्यापकों को व्यस्त रखने के लिए के० मा० शि० बोर्ड ने स्कूलों को ऐसे कार्यक्रम करने को कहा है

(4) उन्हें सामाजिक विज्ञान के विभिन्न घटकों की अवधारणाओं और शिक्षण-पद्धति में स्पष्टता की ज़रूरत है

76. In a Social Science class, which one of the following is a suitable method for underlining the phenomenon that common areas and open spaces in rural areas are disappearing fast?

(1) Make presentation with the help of computers

(2) Discussion on the basis of text prescribed

(3) A survey project

(4) Group discussion over the topic

77. The National Policy on Education (NPE), 1986 suggested the development of 'integrated programmes' for the

(1) education of boys and girls together

(2) education of the mentally disabled

(3) handicapped children to study in regular schools

(4) handicapped children to study in special schools

78. A student in Class VIII is extremely upset over her inability to write on a prescribed topic. Her teacher advises that she may approach the assignment by breaking it into parts which are more familiar to her. Which of the following is the most appropriate with this method?

(1) At the outset, write the topic that is familiar and then add material on how the topic is related to the assignment

(2) Prepare a directory of books, articles and Web sites about the topic

(3) Find two sources of information on the topic and find their common features

(4) Prepare a paper and read it to a friend to determine which parts need to be revised

79. Which of the following approaches has been used extensively to familiarize students with ideas in the textbook *Social and Political Life* published by the NCERT?

(1) Time line

(2) Graph

(3) Chart

(4) Storyboard

76. सामाजिक विज्ञान की किसी कक्षा में निम्नलिखित में से कौन-सा तरीका यह समझने के लिए उपयुक्त है कि ग्रामीण क्षेत्रों में सार्वजनिक और खुले स्थान तेज़ी से लुप्त हो रहे हैं?

(1) कम्प्यूटरों की सहायता से प्रस्तुति करना

(2) निर्धारित पाठ्यसामग्री के आधार पर परिचर्चा

(3) सर्वेक्षण परियोजना

(4) विषय पर समूह में चर्चा

77. राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NPE), 1986 ने निम्नलिखित में से किसके लिए 'एकीकृत कार्यक्रम' विकसित करने का सुझाव दिया था?

(1) लड़के और लड़कियों की सहशिक्षा के लिए

(2) मानसिक रूप से विकलांगों की शिक्षा के लिए

(3) विकलांग बच्चों के नियमित स्कूलों में पढ़ने के लिए

(4) विकलांग बच्चों के विशेष स्कूलों में पढ़ने के लिए

78. आठवीं कक्षा की एक छात्रा किसी दिए गए विषय पर लिखने में अक्षम होने के कारण परेशान है। उसकी अध्यापिका उसे सलाह देती है कि वह दिए गए कार्य को ऐसे भागों में बाँटकर करे जिनकी उसको अच्छी तरह से समझ हो। इस तरीके के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा अधिक उपयुक्त है?

(1) शुरू में ही अच्छी तरह से आने वाले विषय को लिख लें तथा फिर उसमें सामग्री जोड़ें कि वह विषय किस प्रकार से दिए हुए कार्य से सम्बन्धित है

(2) विषय से सम्बन्धित पुस्तकों, लेखों तथा वेब साइटों की एक निर्देशिका तैयार करें

(3) विषय से सम्बन्धित जानकारी देने वाले दो स्रोत खोजें और उनके बीच एक-सी समानताएँ ढूँढें

(4) एक पत्र (पेपर) तैयार करें और इसे किसी मित्र को सुनाकर निर्धारित करें कि किन भागों में सुधार करने की ज़रूरत है

79. निम्नलिखित में से किस उपागम को एन० सी० ई० आर० टी० द्वारा प्रकाशित पाठ्यपुस्तक 'सामाजिक और राजनीतिक जीवन' में निहित विचारों से विद्यार्थियों को अवगत करवाने के लिए अधिक प्रयोग किया गया है?

(1) घटनाक्रम

(2) ग्राफ

(3) चार्ट

(4) कहानी-बोर्ड

**80.** The content of Social Science should

(1) provide comprehensive information about the social issues and their solutions

(2) exclusively focus on issues related to social reality and should not encourage scientific method of research

(3) aim at raising students' awareness about History, Geography, and Politics of India and the interconnection among these

(4) aim at raising students' awareness through critically exploring and questioning familiar social realities

**81.** To make textbooks representative of all regions and social groups

(1) contents relating to all regions and social groups should be added in textbooks

(2) relevant local content should be part of teaching-learning process drawing on local resources

(3) textbooks should be written in all languages of the country specially in languages mentioned in the Schedule VIII of the Constitution of India

(4) common issues among regions must be highlighted exclusively to promote the spirit of federal republic

**82.** To sensitize students about the gender issues and role of socialization in gender discriminations, schools should

(1) encourage team teaching and include male as well as female teachers

(2) organize seminars on gender sensitivity by inviting eminent speakers

(3) ask teachers to use case studies and give concrete examples

(4) make rules that boys are not allowed to practice discrimination against girls

**80.** सामाजिक विज्ञान की पाठ्यसामग्री को

(1) सामाजिक मुद्दों और उनके समाधान की व्यापक जानकारी देनी चाहिए

(2) केवल सामाजिक यथार्थ के मुद्दों पर अधिक ध्यान देना चाहिए और शोध के वैज्ञानिक तरीके को प्रोत्साहित नहीं करना चाहिए

(3) विद्यार्थियों की इतिहास, भूगोल और भारत की राजनीति के बारे में जागरूकता बढ़ाने का उद्देश्य तथा इनमें अन्तर्सम्बन्ध रखना चाहिए

(4) सुपरिचित सामाजिक वास्तविकताओं के बारे में गहन जानकारी एकत्र करने तथा प्रश्न पूछने के माध्यम से विद्यार्थियों की जागरूकता बढ़ाने का उद्देश्य रखना चाहिए

**81.** पाठ्यपुस्तकों को सभी क्षेत्रों और सामाजिक समूहों का प्रतिनिधित्व करने वाली बनाने के लिए

(1) पाठ्यपुस्तकों में सभी क्षेत्रों और सामाजिक समूहों से सम्बन्धित सामग्री जोड़ी जानी चाहिए

(2) स्थानीय संसाधनों से प्रासंगिक स्थानीय सामग्री शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया का भाग होनी चाहिए

(3) पाठ्यपुस्तकें देश की सभी भाषाओं विशेषतः भारतीय संविधान की सूची VIII में दर्ज भाषाओं में लिखी जानी चाहिए

(4) क्षेत्रों के बीच समान मुद्दों को केवल इसलिए उजागर किया जाए ताकि संघात्मक गणतन्त्र की भावना को प्रोत्साहन मिले

**82.** विद्यार्थियों को लैंगिक मुद्दों तथा लैंगिक भेदभाव में समाजीकरण की भूमिका के प्रति संवेदनशील बनाने के लिए स्कूलों को निम्नलिखित में से क्या करना चाहिए?

(1) टीम शिक्षण को प्रोत्साहित करना चाहिए तथा पुरुष और महिला अध्यापकों को शामिल करना चाहिए

(2) प्रख्यात और विद्वान वक्ताओं को आमन्त्रित करके लैंगिक संवेदनशीलता पर सेमिनार आयोजित करना चाहिए

(3) अध्यापकों को केस अध्ययन के लिए कहना चाहिए तथा उनसे अच्छे उदाहरण माँगना चाहिए

(4) ऐसे नियम बनाने चाहिए जिससे लड़के लड़कियों के साथ भेदभाव का व्यवहार नहीं कर सकें

**83.** While discussing the functions of the State Government, issues related to health, water, transport, etc., may be discussed to

(1) make students aware how their State is doing on these accounts
(2) make students remember about the role of the Government in these areas
(3) allow learners to understand these issues and express their critical views
(4) enlighten students to organize movements for better facilities for all

**84.** The National Curriculum Framework, 2005 proposes that Geography should be taught to

(1) instruct the role of diverse geographical features of India in its economic growth
(2) guide students about the destructive effect of natural disasters on the economy of India
(3) focus on the optimum extraction and utilization of natural resources
(4) inculcate a critical appreciation for conservation and environmental concerns

**85.** Regarding Pedagogy and resources for Social Science, the National Curriculum Framework, 2005 says that teaching of Social Science must adopt

(1) strategies that help students to remember facts for longer time
(2) mind maps that enhance quick retrieval of information
(3) methods that promote creativity and critical perspective
(4) approach involving maximum teaching aids to promote intelligence

**86.** Scaffolding in a Social Science classroom primarily intends to

(1) strengthen the desirable outcome in the summative assessment
(2) help the students till the time independent thinking is possible
(3) assure the improvement of self-regulatory skills
(4) enable the students to envisage ideas

**83.** राज्य सरकार के कार्यों पर चर्चा करते हुए स्वास्थ्य, जल, यातायात इत्यादि से सम्बन्धित मुद्दों पर चर्चा की जा सकती है, जिससे

(1) विद्यार्थियों को इन मुद्दों पर उनके राज्य द्वारा किए जाने वाले प्रयासों की जानकारी मिल सके
(2) विद्यार्थियों को इन क्षेत्रों में सरकार की भूमिका को याद करवाया जा सके
(3) शिक्षार्थी इन मुद्दों को समझने तथा इन पर आलोचनात्मक विचार बनाने के लिए स्वतंत्र हों
(4) विद्यार्थियों को सभी के लिए बेहतर सुविधाएँ पाने हेतु आन्दोलन आयोजित करने के लिए सजग किया जा सके

**84.** राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा, 2005 प्रस्तावित करता है कि भूगोल पढ़ाया जाए, जिससे

(1) भारत की विविध भौगोलिक विशेषताओं की इसके आर्थिक विकास में भूमिका को जाना जा सके
(2) विद्यार्थियों का प्राकृतिक आपदाओं के भारत की अर्थव्यवस्था पर नष्टकारी प्रभावों के बारे में मार्गदर्शन किया जा सके
(3) प्राकृतिक संसाधनों की अधिकतम प्राप्ति और उपयोग पर ध्यान केन्द्रित किया जा सके
(4) पर्यावरणीय चिंताओं तथा इसके संरक्षण के सम्बन्ध में आलोचनात्मक समझ पैदा की जा सके

**85.** सामाजिक विज्ञान की शिक्षण पद्धति और संसाधनों के बारे में राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा, 2005 के अनुसार सामाजिक विज्ञान के शिक्षण के लिए निम्नलिखित में से किसको अपनाना चाहिए?

(1) ऐसी रणनीतियाँ, जो विद्यार्थियों को लम्बे समय तक तथ्य याद रखने में सहायता करते हैं
(2) मानसिक मानचित्र, जो सूचना को तुरन्त याद करने की क्षमता को बढ़ाते हैं
(3) ऐसे तरीके, जो रचनात्मकता और आलोचनात्मक परिप्रेक्ष्य को बढ़ाते हैं
(4) ऐसा उपागम, जिसमें बुद्धिमत्ता को बढ़ाने के लिए अधिक शिक्षण सहायक सामग्री शामिल हो

**86.** किसी सामाजिक विज्ञान की कक्षा में ढाँचा का मुख्य लक्ष्य होता है

(1) योगज निर्धारण के वांछित परिणामों को मज़बूत करना
(2) स्वतंत्र सोच निर्मित होने तक विद्यार्थियों की सहायता करना
(3) आत्मसंयम के कौशल में सुधार को सुनिश्चित करना
(4) विद्यार्थियों को विचारों पर सोचने के योग्य बनाना

87. The ability to break down information into smaller pieces and to establish relation among parts and the whole is

(1) understanding

(2) applying

(3) analyzing

(4) remembering

88. In order to optimize the time students spend on academic activities, a teacher should

(1) plan, teach, and impose timetable for transition times and classroom activities

(2) assign homework at least twice a week in core content areas

(3) ask students to read new topics before discussing them in class

(4) present new material followed by a question-and-answer session on the material

89. Inductive learning is contradictory to which of the following approaches?

(1) Simulation

(2) Expository teaching

(3) Mastery learning

(4) Structure training

90. Which of the following statements is true with regard to effective reflective practice in Social Science teaching?

(1) Peer tutoring should be done carefully because it affects tutor-students own reflective potential

(2) Reflective practice should reject those students' inputs that challenge teaching practices for the sake of classroom discipline

(3) Reflection must exclude those links to conceptual frameworks that limit inquiry and problem solving

(4) Teacher must create atmosphere of trust and flexibility to every learning situation

87. सूचना को छोटे-छोटे भागों में बाँटकर, अंश तथा पूर्ण में सम्बन्ध स्थापित करने की योग्यता —— है।

(1) बोध

(2) प्रयोग करना

(3) विश्लेषण करना

(4) स्मरण रखना

88. शैक्षिक गतिविधियों पर विद्यार्थियों द्वारा खर्च किए जाने वाले समय को बढ़ाने के लिए अध्यापक को निम्नलिखित में से क्या करना चाहिए?

(1) कक्षा की गतिविधियों तथा संक्रमण काल के लिए योजना बनाए, पढ़ाए और समय सारणी लागू करे

(2) मूल विषयों में प्रति सप्ताह कम-से-कम दो बार गृहकार्य दे

(3) विद्यार्थियों को कक्षा में चर्चा करने से पहले नए विषयों को पढ़ने के लिए कहे

(4) नई विषय-सामग्री को सामग्री पर प्रश्नोत्तर सत्र के साथ प्रस्तुत करे

89. प्रेरक अधिगम (Inductive learning) निम्नलिखित में से किस उपागम के विपरीत है?

(1) अनुरूपण (नकल करना)

(2) प्रतिपादक शिक्षण

(3) निपुणता अधिगम

(4) संरचनात्मक प्रशिक्षण

90. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सामाजिक विज्ञान शिक्षण में प्रभावकारी चिंतन व्यवहार के सन्दर्भ में सत्य है?

(1) समवयस्क-शिक्षण ध्यान से करना चाहिए क्योंकि इससे शिक्षक-विद्यार्थियों के अपने वैचारिक क्षमता प्रभावित होती है

(2) चिंतन प्रक्रिया को ऐसे विद्यार्थी के निवेश को नकार देना चाहिए जो कक्षा में अनुशासन के लिए शिक्षण पद्धति को चुनौती देते हैं

(3) चिंतन को सैद्धान्तिक ढाँचे की ऐसी कड़ियों को निकाल देना चाहिए जो पूछताछ करने तथा समस्या-समाधान को सीमित करती हो

(4) अध्यापक को विश्वास तथा प्रत्येक अधिगम स्थिति के प्रति नमनीय वातावरण का निर्माण करना चाहिए

| Candidates should answer questions from the following Part only if they have opted for **ENGLISH** as LANGUAGE—I. | परीक्षार्थी निम्नलिखित भाग के प्रश्नों के उत्तर केवल तभी दें यदि उन्होंने भाषा—I का विकल्प अंग्रेज़ी चुना हो। |
|---|---|

# PART—IV : Language—I
## ENGLISH

***Directions*** : Read the given passage and answer the questions (Q. Nos. **91** to **99**) that follow by selecting the *most appropriate option.*

Have you ever wondered what the qualities of a really professional teacher are? I know that all teachers want their students to like them, but being liked isn't the be-all and end-all really, is it? I mean teachers have to make some unpopular decisions sometimes. Teachers can be popular just because they are friendly and helpful, but to be truly professional and effective, we need to be able to identify the skills and behaviour we require in a true professional. A professional teacher needs to be confident without being arrogant. Nobody can expect to have all the answers, so, if a student asks a real stinker, the professional teacher should be able to admit defeat but offer to find out more for the student. And they must carry that promise out When the teacher enters the classroom, she/he should have all the required materials and the lesson-plan ready. And, in orchestrating the class, the teacher must give everyone their chance to contribute and should be flexible enough to modify lessons if they are obviously not going to plan. Indeed, a fallback position is part of good planning. It stands to reason also that a teacher must observe punctuality and appropriate tidiness and dress : it is not possible to demand such behaviour from students if the teacher doesn't set the standards.

The last thing I would mention is that teachers should be able to feel that their professionalism entitles them to back up from the school directors. If a teacher has a problem class or student, then the school should have procedures for handling the difficulties. The teacher should not have to feel alone and vulnerable if a difficult situation arises. So, yes, professionalism cuts both ways : in the standards we demand of teachers and the framework we have for giving them support.

**91.** The expression *isn't the be-all and end-all...* is an assumption that pertains to the —— point of view.

(1) writer's
(2) teachers'
(3) students'
(4) general

**92.** Here, the fallback position is the system where —— well-prepared.

(1) good students are
(2) good teachers are
(3) teachers, even if caught out unexpectedly, are still
(4) students and teachers who support each other are

**93.** Here, *able to admit defeat* implies that

(1) students can 'catch' a teacher unaware
(2) teachers easily lose self-confidence as they lack professionalism
(3) it doesn't matter if students often contradict what their teacher says
(4) teachers should be confident enough to own up to their 'unpreparedness'

**94.** Here, *orchestrating the class* suggests

(1) the teacher controlling the class to ensure high grades
(2) the whole class performing uniformly well
(3) acknowledging the individual differences in the process of achievement
(4) that music helps academic achievement

**95.** Here, ...*asks a real stinker*... suggests that

(1) teachers are always unprepared

(2) students can be better informed than their teachers

(3) students dislike teachers in general

(4) teachers are unprofessional in students' eyes

**96.** A word that can best replace the word *entitles* in the passage is

(1) warrants

(2) names

(3) calls

(4) gives

**97.** The writer's view that *professionalism cuts both ways* means

(1) teachers are faced with students and trustees hold them accountable

(2) teachers teach well when trustees pay them well

(3) trustees and their employees owe each other support

(4) students and teachers owe respect to the management of their school

**98.** A word from the passage that is the antonym of the word *unshakable*, is

(1) vulnerable

(2) difficult

(3) helpful

(4) effective

**99.** Here, *framework* refers to the overall

(1) school curriculum

(2) clearly spelt out duties for teachers

(3) system for assessment of teachers' performance

(4) transparency in fixing teachers' salary

***Directions*** : Read the given poem and answer the questions (Q. Nos. **100** to **105**) that follow by selecting the *most appropriate option.*

*HAWK*

All eyes are fearful of the spotted hawk,
whose dappled wingspread opens to
a phrase
that only victims gaping in the gaze
of Death Occurring can recite. To stalk;
to plunge; to harvest; the denial-squawk
of dying's struggle; these are but a day's
rebuke to hunger for the hawk, whose glazed
accord with Death admits no show of shock.

Death's users know it is not theirs to own,
nor can they fathom all it means to die—
for young to know a different Death from old.
But when the spotted hawk's last flight
is flown,
he too becomes a novice, fear-struck by
the certain plummet once these feathers fold.

—*Daniel Waters*

**100.** The *denial-squawk* refers to the

(1) hawk's response to the cry of its prey

(2) helpless cry of its prey, to avert death

(3) warning call by the hawk before killing its prey

(4) desperate, pitiable cry of the prey

**101.** To the hawk, *a day's rebuke to hunger* suggests that the bird

(1) bows to hunger

(2) causes death by preying on lesser animals

(3) averts own death by killing and eating its prey

(4) faces death fearlessly in contrast to its prey

**102.** Here, *glazed accord with Death* means that

(1) the prey meets death willingly

(2) death is inevitable

(3) death is in partnership with starvation

(4) the hawk also becomes a victim of death at the end

**103.** The word that is closest in meaning to the word *dappled* in the poem is

(1) spotted

(2) fearful

(3) glazed

(4) flown

**104.** Here, *he too becomes a novice* suggests that

(1) the hawk's prey becomes a predator instead

(2) all living creatures are potentially victims of others

(3) death comes swiftly to the fearless hawk

(4) the hawk also meets death, as weak and helpless as its prey

**105.** The following line exemplifies the use of *personification* as a poetic device

(1) Death's users know it is not theirs to own,...

(2) ...the certain plummet once these feathers fold.

(3) To stalk; to plunge; to harvest;...

(4) But when the spotted hawk's last flight is flown...

***Directions*** : Answer the following questions (Q. Nos. **106** to **120**) by selecting the *most appropriate option.*

**106.** Providing students —— can encourage second language acquisition.

(1) adequate speaking and writing assignments

(2) the opportunity to voice their opinions and to problem solve in the target language

(3) frequent feedback on spoken and written outputs

(4) informal interviews

**107.** Generally speaking, the first language is

(1) marked by the characteristic difficulty in mastering it

(2) marked by the influences of the school environment the child is studying in

(3) marked by the accent and regional expressions of the area where students grow up

(4) influenced by the grammar and style of second language

**108.** Language learning is better achieved if what students learn

(1) is closer in form and sound to their mother tongue

(2) helps them improve their chances of college admission

(3) is functional in terms of their life values and goals

(4) is in a controlled classroom environment

**109.** An activity asks students to determine from a list of possible answers with a title, what kind of information will appear in an input text before an audio recording is played. Here students are

(1) checking for facts

(2) guessing answers to questions

(3) filling in missing information

(4) actively predicting the content of the input

**110.** A speaking activity can be made more purposeful by

(1) insisting on correct structure and pronunciation

(2) interrupting the activity with some writing/reading

(3) motivating students to complete a task at the end

(4) providing a specific list of vocabulary to use

**111.** In the communicative classroom, learners acquire the grammar of second language to

(1) enhance their formal communication skills

(2) write confidently

(3) understand second language better while reading/listening to it

(4) understand how to make meaning and become more proficient in speaking and writing

**112.** Structures in second language are better assimilated in a pedagogical practice

(1) through meaningful interaction with interesting content

(2) insisting on accuracy, explicit instruction in rules

(3) through repetition and practice of commonly used syntax

(4) through application of learnt structures in discrete language items

**113.** Error correction in students' written work is most effective when the teacher

(1) writes out the correct answers on the board

(2) revises the wrong answers with them

(3) points out major errors using symbols and students self-correct

(4) gives students more drill work till they 'learn' the correct responses

**114.** Students always find it difficult to listen to and understand a second language presentation inside or outside their class. This can be helped by

(1) increasing the number of periods for the second language

(2) practice by using the second language more

(3) recommending to choose another language closer to L1

(4) being taught by only native speakers of L2

115. When they encounter unfamiliar words during a reading activity, students should be trained to —— while processing the meaning of the whole text.

(1) refer a dictionary to find out the meaning immediately

(2) ask the teacher or neighbour

(3) use information in its context to correctly guess its rough area of meaning

(4) choose more simple texts

116. Identify the question that assesses students' ability to infer the meaning of the text.

(1) Why did Mohan change his mind despite his parents' advice?

(2) Where did Tom and his parents live?

(3) Use the phrase 'in disbelief' in a sentence of your own.

(4) Give the opposite of 'delighted'.

117. While assessing a report of a school programme for a class journal, the following are the main criteria

(1) Descriptive presentation, title, *writer's name*

(2) Word limit, title, factual description

(3) Literary style, chronological presentation, word limit

(4) Relevance, logical organization of content, a direct style

118. While learning a language, the —— instruction provides opportunities for independent study, a wide range of reference material and immediate feedback about achievement.

(1) programmed

(2) computer-aided

(3) direct

(4) distance

119. A dual-language classroom consisting of students speaking a native language and the target language is beneficial because it

(1) motivates target language speaking students learn another language and vice versa

(2) offers an opportunity for separate project work

(3) justifies conducting more activities in each language

(4) causes less distractions in the class as students will talk less

120. A student has difficulty in applying the learned knowledge, for example, in word problems, the student also fails to translate sentences into equations or identify the variables. A possible solution to this problem could be

(1) pairing him/her with high achievers

(2) giving carefully designed assignment—simpler-simple-complex

(3) allowing more time to complete the same activity

(4) giving only simple assignments to boost their confidence

| | |
|---|---|
| ***Candidates should answer questions from the following Part only if they have opted for* HINDI *as* LANGUAGE—I.** | ***परीक्षार्थी निम्नलिखित भाग के प्रश्नों के उत्तर केवल तभी दें यदि उन्होंने भाषा—I का विकल्प* हिन्दी *चुना हो।*** |

## भाग—IV : भाषा—I

### हिन्दी

*निर्देश* (प्रश्न संख्या **91** से **99**) : नीचे दिए गए गद्यांश को पढ़कर सबसे उचित विकल्प का चयन कीजिए :

समूची स्वार्थी व अहं-प्रेरित प्रवृत्तियाँ नकारात्मक हैं, ऐसे कर्मों में ऊँचे उद्देश्य नहीं होते, उनमें लोक-संग्रह नहीं होता, भव्य आदर्श नहीं होते। दूसरे, भले ही आप अपने सामने एक ऊँचा आदर्श रखें, तो भी आपके कर्म यदि आपके मन के चाहे या अनचाहे से प्रेरित हैं तो वे ह्रासमान ही होंगे, क्योंकि पसंद-नापसंद से किए जाते कार्य वासनाओं को बढ़ाए बिना नहीं रहते। कोई काम आपको महज़ इस आधार पर नहीं करना चाहिए कि वह आपको पसंद है। उसी तरह कोई काम करने से आपको महज़ इस आधार पर नहीं कतराना चाहिए कि वह काम आपका मनचाहा नहीं है। कार्य का निर्णय बुद्धि-विवेक के आधार पर होना चाहिए, मनचली भावनाओं, तुनकमिज़ाज़ी के आधार पर कतई नहीं। इस एक बात को हमेशा याद रखिए कि पसंद और नापसंद आपके सबसे बड़े शत्रु हैं। आप इन्हें पहचानते तक नहीं। उल्टे आप इन्हें पाल-पोसकर दुलारते हैं। वे तो हर क्षण आपकी हानि व ह्रास करने पर ही तुले हैं। इनसे निबटने का व्यावहारिक मार्ग यह है कि अपनी रुचि और अरुचि का विश्लेषण करें।

**91.** कैसी प्रवृत्तियाँ नकारात्मक हैं?

(1) जो स्वयं का हित देखती हों

(2) जो अहं से ग्रसित हों

*(3) जिनमें अर्थ का भाव हो*

(4) जिनमें अहं और स्व-हित का भाव हो

**92.** कौन-से कार्य हानि की ओर ले जाते हैं?

(1) जो मन के अनुसार और हित साधते हैं

(2) जो अपनी पसंद-नापसंद के आधार पर किए जाते हैं

(3) जिनमें संग्रह अनुपस्थित होता है

(4) जिनमें संग्रह कूट-कूटकर भरा होता है

**93.** इस गद्यांश में किस प्रकार के कार्यों का समर्थन किया गया है?

(1) जो मनचाहे होते हैं

(2) जो मनचाहे नहीं होते हैं

(3) जो बुद्धि और विवेक-शक्ति के आधार पर किए जाते हैं

(4) जो मनचली भावनाओं और बुद्धि से परे होते हैं

**94.** इस गद्यांश में किन्हें शत्रु कहा गया है?

(1) मनचली भावनाएँ

(2) तुनकमिज़ाज़ी

(3) अहं और स्वार्थ

(4) रुचि-अरुचि

**95.** लेखक ने इन शत्रुओं से निबटने का कौन-सा मार्ग सुझाया है?

(1) विश्लेषण करना

(2) भव्य आदर्श रखना

(3) लोक-संग्रह करना

(4) कर्म करना

**96.** 'नकारात्मक' का विलोम शब्द है

(1) अनकारात्मक

(2) सकारात्मक

(3) अननकारात्मक

(4) असकारात्मक

**97.** "वे तो हर क्षण आपकी हानि व ह्रास करने पर ही तुले हैं।" वाक्य में 'वे' सर्वनाम किसके लिए आया है?

(1) मनचली भावनाओं के लिए

(2) अहं-प्रेरित प्रवृत्तियों के लिए

(3) स्वार्थ-प्रेरित प्रवृत्तियों के लिए

(4) पसंद-नापसंद के लिए

**98.** किस शब्द में 'ना' उपसर्ग का प्रयोग नहीं किया जा सकता है?

(1) क़ाबिल

(2) हाज़िर

(3) पसंद

(4) वाक़िफ़

**99.** 'विश्लेषण' का विलोम है

(1) संश्लेषण

(2) अविश्लेषण

(3) संश्लिष्ट

(4) संक्षेपण

***निर्देश*** (प्रश्न संख्या **100** से **105**) : नीचे दी गई काव्य-पंक्तियों को पढ़कर सबसे उचित विकल्प का चयन कीजिए :

सदियों की ठंडी-बुझी राख सुगबुगा उठी,
मिट्टी सोने का ताज पहन इठलाती है;
दो राहें, समय के रथ का घर्घर-नाद सुनो
सिंहासन खाली करो कि जनता आती है।
जनता, हाँ, मिट्टी की अबोध मूरतें वही,
जाड़े-पाले की कसक सदा सहने वाली
जब अंग-अंग में लगे साँप हों चूस रहे,
तब भी न कभी मुँह खोल दर्द कहने वाली।

**100.** काव्य में किस जनता की ओर संकेत किया गया है?

(1) जिसे बोध है

(2) जिसे साँप काटते हैं

(3) जो खेतों-खलिहानों, कारखानों में काम करती है

(4) जो रथ चलाती है

**101.** "समय के रथ का घर्घर-नाद सुनो"—पंक्ति का आशय है—

(1) अब समय बदल रहा है

(2) समय का रथ बढ़ा आ रहा है

(3) समय कोलाहल कर रहा है

(4) समय ने युद्ध-नाद बजा दिया है

**102.** "सिंहासन खाली करो कि जनता आती है।" पंक्ति का भाव है—

(1) राजा के सिंहासन को खाली करना होगा

(2) जनता, राजा का सिंहासन हिला देगी

(3) सारी जनता अब सिंहासनों पर ही बैठेगी

(4) राजतंत्र के विरुद्ध लोकतंत्र का स्वागत

**103.** सामान्य जनता ने अब तक बहुत कष्ट सहे हैं—इस भाव को व्यक्त करने वाली पंक्ति है—

(1) जनता, हाँ, मिट्टी की अबोध मूर्तें वही

(2) जाड़े-पाले की कसक सदा सहने वाली

(3) सदियों की ठंडी-बुझी राख सुगबुगा उठी

(4) मिट्टी सोने का ताज पहन इठलाती है

**104.** 'साँप' किसकी ओर संकेत करता है?

(1) विषैले साँपों की ओर

(2) ज़मीदारों की ओर

(3) शोषकों की ओर

(4) सूदखोरों की ओर

**105.** 'सुगबुगा उठना' का अर्थ है

(1) राख का जल उठना

(2) अफ़वाह फैलाना

(3) धीरे-धीरे कहना

(4) अपने हक़ के लिए प्रयत्नशील होना

*निर्देश* (प्रश्न संख्या **106** से **120**) : सबसे सही विकल्प का चयन कीजिए :

**106.** उच्च प्राथमिक स्तर पर भाषा-शिक्षण का सर्वोपरि उद्देश्य है

(1) भाषा के सौंदर्यशास्त्र से परिचय

(2) निजी अनुभवों के आधार पर भाषा का सृजनशील इस्तेमाल

(3) विभिन्न साहित्यिक विधाओं का गहनतम ज्ञान प्राप्त करना

(4) सरसरी तौर पर तीव्र गति से पढ़ना

**107.** सुनी, पढ़ी और समझी हुई भाषा को सहज और स्वाभाविक लेखन द्वारा अभिव्यक्त करने की क्षमता का विकास करने में निम्नलिखित में से कौन सहायक है?

(1) औपचारिक पत्र-लेखन

(2) किसी पढ़ी हुई कहानी को संक्षेप में लिखना

(3) सुनी, देखी, पढ़ी घटना को अपने शब्दों में लिखित रूप में अभिव्यक्त करना

(4) 'मेरा प्रिय विद्यालय' विषय पर निबंध लिखना

**108.** भाषा के संदर्भ में स्कूली जीवन का यह उच्च प्राथमिक चरण ——, —— और —— बोध के विकास की दृष्टि से अत्यंत महत्त्वपूर्ण है।

(1) भाषा, साहित्य, ऐतिहासिक

(2) साहित्य बोध, सराहना बोध, ऐतिहासिक

(3) साहित्य, सराहना, सामाजिक

(4) सौन्दर्य बोध, साहित्य बोध, सामाजिक-राजनैतिक

**109.** उच्च प्राथमिक स्तर पर व्याकरण-शिक्षण का उद्देश्य —— में सहायक होगा।

(1) व्याकरण की परिभाषाओं को कंठस्थ करने

(2) भाषा की नियमबद्ध प्रकृति को समझने और उसका विश्लेषण करने

(3) भाषा की नियमबद्ध प्रकृति को अत्यधिक महत्त्व देने

(4) भाषा की प्रकृति, प्रकार्य और व्याकरणिक नियमों को कंठस्थ करने

**110.** उच्च प्राथमिक स्तर पर हिन्दी भाषा-विकास के लिए कौन-सी गतिविधि उपयोगी नहीं हो सकती?

(1) पढ़ी गई कहानियों का समूह में नाट्य-रूपांतरण

(2) विज्ञापनों, पोस्टरों, साइनबोर्ड और भाषा के अन्य उपयोगों का विश्लेषण करना

(3) मुहावरों के अर्थ लिखकर वाक्य बनाना

(4) सूचना, डायरी-लेखन, विज्ञापन-लेखन आदि का कार्य करवाना

**111.** उच्च प्राथमिक स्तर पर व्याकरण-शिक्षण की सर्वाधिक उचित विधि है

(1) निगमन विधि

(2) आगमन विधि

(3) भाषा-संसर्ग विधि

(4) सूत्र विधि

**112.** बच्चों का भाषायी विकास सर्वाधिक रूप से निर्भर करता है

(1) पाठ्यपुस्तक पर

(2) समृद्ध भाषा-परिवेश पर

(3) आकलन की औपचारिकता पर

(4) संचार-माध्यमों पर

113. उच्च प्राथमिक स्तर पर यह ज़रूरी है कि बच्चे

(1) समाचार-पत्र में छपी किसी खबर, लेख या कही गई बात का निहितार्थ समझ सकें

(2) अपनी पाठ्यपुस्तक के सभी पाठों का अभ्यास कर सकें

(3) भाषा के आकलन के लिए की जाने वाली सभी गतिविधियों में समान रूप से हिस्सा लें

(4) भाषा का अतिरिक्त अभ्यास करें और परियोजना-कार्य में इंटरनेट का प्रयोग करें

114. भाषा सीखने का अर्थ उस भाषा की —— सीखना भी है, क्योंकि भाषा किसी भी —— का अभिन्न हिस्सा होती है।

(1) बारीकी, व्याकरण

(2) नियमबद्धता, व्याकरण

(3) ऐतिहासिकता, इतिहास

(4) संस्कृति, संस्कृति

115. कक्षा आठ के बच्चों के लिए साहित्य का चयन करते समय आपके लिए क्या जानना सर्वाधिक ज़रूरी है?

(1) बच्चों की भाषिक पृष्ठभूमि

(2) बच्चों की मनोवैज्ञानिक विशेषताएँ और भाषा-प्रयोग की क्षमता

(3) बच्चों के भाषा-प्रयोग का स्तर

(4) अच्छे साहित्य के प्रकाशक, लेखक

116. नाटक, सिनेमा, परिचर्चा, वाद-विवाद आदि बच्चों की —— व स्वाभाविक, —— एवं —— प्रतिक्रिया व्यक्त करने की क्षमता का विकास करने में मदद करते हैं।

(1) मानक, सहज, प्रभावी

(2) मानक, प्रभावी, संस्कृतनिष्ठ

(3) स्वतंत्र, मौखिक, लिखित

(4) स्वतंत्र, प्रभावी, संस्कृतनिष्ठ

117. हमारे अनुभवों को आकार देने में भाषा की महत्त्वपूर्ण भूमिका होती है। इसका शैक्षिक निहितार्थ यह है कि भाषा की कक्षा में

(1) सदैव अनुभवों पर बातचीत की जाए

(2) अनुभवों का लेखन-कार्य बढ़ाया जाए

(3) डायरी-लेखन पर ज़ोर दिया जाए ताकि लेखन परिपक्व बन सके

(4) बच्चों को विविध संदर्भों में अनुभव करने, विविध अनुभवों से स्वयं को जोड़ने के अवसर दिए जाएँ

118. मुदिता आठवीं कक्षा में हिन्दी भाषा पढ़ाती हैं। कविता के भाव के बारे में बातचीत करते समय आप उन्हें किस बात के प्रति सचेत रहने की सलाह देंगे?

(1) कविता में अलंकार, रस पर विशेष बल दिया जाए

(2) कविता का एक निश्चित भाव, अर्थ नहीं हो सकता

(3) कविता को गद्य में परिवर्तित करवाने वाली गतिविधि कविता-शिक्षण का अनिवार्य पक्ष है

(4) कविता की भाषा, व्याकरण पर विशेष बल दिया जाए

119. हिन्दी भाषा का आकलन करते समय 'पोर्टफोलियो' बच्चों के बारे में यह बताता है कि

(1) वे क्या जानते हैं

(2) क्रमशः उनकी प्रगति किस प्रकार हो रही है

(3) उनकी प्रगति में माता-पिता की भूमिका कैसी है

(4) उनकी प्रगति में शिक्षकों की भूमिका कितनी है

120. किस साहित्यिक विधा को पढ़ाते समय आप सस्वर पठन पर अनिवार्यतः बल देंगे?

(1) जीवनी

(2) यात्रा-वृत्तान्त

(3) आत्मकथा

(4) एकांकी

| | |
|---|---|
| **Candidates should answer questions from the following Part only if they have opted for ENGLISH as LANGUAGE—II.** | **परीक्षार्थी निम्नलिखित भाग के प्रश्नों के उत्तर केवल तभी दें यदि उन्होंने भाषा—II का विकल्प अंग्रेज़ी चुना हो।** |

## PART—V : Language—II

### ENGLISH

***Directions*** : Read the given passage and answer the questions (Q. Nos. **121** to **129**) that follow by selecting the *most appropriate option.*

Anthropology is the holistic study of humankind. It studies all aspects of human life in all geographic regions of all time periods, from its evolution as Homo sapiens to its diverse manifestations within cultures and societies, both past and present. Since recorded history, people have sought answers to such probing questions as *Who are we? How have we come to be as we are? How can diverse peoples peaceably coexist?* and *What might the past and present tell us about our future?* Anthropology seeks to answer these and many other fundamentally humanistic questions. Anthropology employs both qualitative and quantitative research methods within its numerous sub-disciplines. Common to all anthropologists is the method of fieldwork. A *physical anthropologist* may observe wild or captive primates, or dig prehistoric sites to discover clues about humankind's origins and early migration patterns, while an *applied anthropologist* plays games with disadvantaged schoolchildren to advise school administrators on how to create conflict-reducing after-school programmes. A *socio-cultural anthropologist* may live in a hut among tribal communities to learn the meanings of their unique rituals and political economy, while a *linguistic anthropologist* interacts with native language speakers at a family function to discover clues to their cultural retention amidst a globalizing society. Within each of these and the myriad other ways and places in which anthropologists conduct day-to-day research, they seek answers to benefit humankind. Anthropology has been described as "the reformer's science", and "the most humanistic of the sciences and the most scientific of the humanities".

**121.** The prime function of an anthropologist is to —— human history and behaviour.

(1) watch

(2) record

(3) predict

(4) analyze

**122.** *Quality* in the given context implies

(1) the tools of research used during visits

(2) positive impact on the community being studied

(3) community benefits shared by anthropologist

(4) use of test methods of research

**123.** —— anthropologist describes and analyzes the diverse peoples of the world, extending to all forms of human association, from village communities to corporate cultures to urban gangs.

(1) Linguistic

(2) Applied

(3) Socio-cultural

(4) Physical

**124.** The writer suggests that Anthropology is a discipline that leads to

(1) removal of diversity of human cultures

(2) greater globalization

(3) promotion of diversity and individuality in human society

(4) deeper understanding of human diversity which leads to harmony

**125.** A word that can best replace the word *holistic* in line 01 of the passage is

(1) spiritual

(2) comprehensive

(3) mystical

(4) healthy

**126.** A/An —— anthropologist studies human and non-human primate evolution, human variation and its significance, and the biological bases of human behaviour.

(1) physical

(2) linguistic

(3) socio-cultural

(4) applied

**127.** The discipline is referred to as the *reformer's science* because

(1) necessary changes can easily be introduced

(2) laws can be applied with little resistance

(3) of being a favoured field of study for scientists

(4) of its potential to improve human lives in general

**128.** An antonym for the word *countable* from the passage is

(1) captive

(2) diverse

(3) disadvantaged

(4) myriad

**129.** The phrase *the most scientific of the humanities* means conclusions can be drawn

(1) based on the researchers' instincts

(2) on humanistic grounds

(3) based on factual records of observations

(4) through personal interactions with study subjects

***Directions*** : Read the given passage and answer the questions (Q. Nos. **130** to **135**) that follow by selecting the *most appropriate option.*

The President of Earth glowered at the auto-cue and the television camera in the small presidential studio which was where he should have been right now instead of reading ridiculous public service emergency announcements.

It was his day off and he reckoned that the world and its wretched public service announcements should wait until tomorrow. Unfortunately, the world didn't want to wait and the World Parliament had prepared this announcement for him to read so he was glowering at everyone. The auto-cue started rolling and the President relaxed his scowling face and beamed into the television camera, exuding bonhomie to the billions who were watching as he read from the auto-cue.

Scientists are today investigating objects that are appearing across the world and which seem to present a degree of danger to anybody touching them. World scientists are advising that, under no circumstances should these objects be touched. A heavy metal object that is floating on a pond would be such an example. A tree growing out of concrete would be another. However there is no guarantee that objects will always have this incongruity and scientists are advising

the general public to proceed with great caution, especially when at home where unfamiliar objects may be more easily identified. After reading the announcement, the President of Earth leaned back in his presidential chair and gave his most reassuring smile. Well that's it folks. Take care while we get to the bottom of this. You can be sure we are working on it hard. So bye for now, from your President, goodbye !

**130.** The contradiction is conveyed in the phrase *ridiculous public service emergency announcements* by the word

(1) public

(2) ridiculous

(3) emergency

(4) service

**131.** The expression *exuding bonhomie* means

(1) appearing friendly

(2) showing pride

(3) appearing tired

(4) lacking patience

**132.** The President was glowering at everyone because he was

(1) tired

(2) angry

(3) frightened

(4) forgetful

**133.** The *incongruity* lies in

(1) strange objects seen everywhere and frequently

(2) new objects appearing where none existed before

(3) unfamiliar objects that cannot be touched

(4) familiar objects seen in unexpected places

**134.** A word that can replace the phrase *get to the bottom of* is

(1) clarify

(2) misunderstand

(3) estimate

(4) explore

**135.** The writer's attitude is one of —— towards leaders.

(1) admiration

(2) indifference

(3) distrust

(4) deference

***Directions*** : Answer the following questions (Q. Nos. **136** to **150**) by selecting the *most appropriate option.*

**136.** Two competency areas, which give a language learner in progress the ability to communicate competently, are

(1) linguistic and socio-cultural

(2) discourse and accent

(3) audio and expressive

(4) grammar and phonetic

**137.** Communicative competence is a subset of functional grammar and its approach in teaching will allow students to

(1) learn structures and use them accurately

(2) use structures in a range of output texts

(3) learn grammar through meaningful communication

(4) enable teachers expose students to grammar in the lower classes

**138.** When students work in pairs or groups, they just end up chatting in their own language. This can be overcome/ monitored by

(1) giving an easy task, so that they may chat less

(2) writing notes on the board, so that they will not use L1

(3) increasing the difficulty level of task

(4) instructions for the task and objectives to be made clear first

**139.** To assess listening skills, the teacher has framed an activity. What can the assessment be based on?

(1) Students' interpretation of a visual

(2) Watching a short film and reviewing

(3) Completing a tabulation based on an audio recording

(4) Reading a text aloud

**140.** To develop language functions, teaching of speaking skills for younger children would include

(1) greeting, informal requests, asking for personal information

(2) telephonic chat

(3) debates and declamations

(4) short project presentations

**141.** Learners who develop an increased awareness of 'their own style' of learning and teacher's awareness of students' individual style enhance —— learning.

(1) group

(2) biased

(3) cooperative

(4) individualistic

**142.** An early emphasis on linguistic accuracy along with prompt error correction in L2 class at Class V level results in students'

(1) mastering the language more quickly

(2) failure to achieve requisite proficiency required of that level

(3) learning only the minimum or less

(4) not learning at all

**143.** *Poverty of stimulus* with respect to language acquisition among young children implies that they would

(1) express themselves ungrammatically

(2) read later

(3) not recognize human language

(4) need more stimulus at home for learning language

**144.** Considering students' learning styles broadens the approaches taken to help language-related problems. An example of a learning style is

(1) loud

(2) quiet

(3) print-orientated

(4) focused

**145.** Learning a language involves the processes of listening, speaking, reading and writing. These processes involve

(1) linguistic aspect

(2) psychological aspect

(3) either (1) or (2)

(4) both (1) and (2)

**146.** A reading activity where students focus on phonemic sounds, pronunciation and intonation can be used to assess

(1) reading accuracy

(2) inference

(3) analysis

(4) literary appreciation

**147.** A factual description of a laboratory equipment, for a school science journal, requires the student to present the following

(1) Appearance, users, location

(2) Function, appearance, use

(3) Function, location, colours

(4) Comparisons, function, users

**148.** —— facilitate communication between schools as well as between students/teachers and programmes or between students/teachers and data.

(1) Reference books

(2) Whiteboards

(3) Voice recorders

(4) Computers

**149.** —— education is to use the student's native language to teach some academic content while simultaneously providing an additional L2 instruction.

(1) Multilingual

(2) Bilingual

(3) Basic

(4) Humanistic

**150.** While writing, a student finds difficulty in expressing his/her views clearly due to lack of vocabulary. A possible solution would be the following

(1) Motivate the student to read more storybooks and the teacher should take informal feedback about new words encountered

(2) Change the topic to suit the student's ability

(3) Give a list of words with meanings to learn and use

(4) Conduct special classes to practice writing with periodic word dictations and drills

| | |
|---|---|
| **Candidates should answer questions from the following Part only if they have opted for HINDI as LANGUAGE—II.** | **परीक्षार्थी निम्नलिखित भाग के प्रश्नों के उत्तर केवल तभी दें यदि उन्होंने भाषा—II का विकल्प हिन्दी चुना हो।** |

## भाग—V : भाषा—II

### हिन्दी

*निर्देश* (प्रश्न संख्या **121** से **128**) : नीचे दिए गए गद्यांश को पढ़कर सबसे उचित विकल्प का चयन कीजिए :

एक धनी युवक संत के पास यह पूछने के लिए गया कि उसे अपने जीवन में क्या करना चाहिए। संत उसे कमरे की खिड़की तक ले गए और उससे पूछा, "तुम्हें काँच के परे क्या दिख रहा है?" "सड़क पर लोग आ-जा रहे हैं और एक बेचारा गरीब व्यक्ति भीख माँग रहा है।"

इसके बाद संत ने उसे एक बड़ा दर्पण दिखाया और पूछा, "अब इस दर्पण में देखकर बताओ कि तुम क्या देखते हो।" "इसमें मैं खुद को देख रहा हूँ।"

"ठीक है, दर्पण में तुम दूसरों को नहीं देख सकते। तुम जानते हो कि खिड़की में लगा काँच और यह दर्पण एक ही मूल पदार्थ से बने हैं। तुम स्वयं की तुलना काँच के इन दोनों रूपों से करके देखो। जब यह साधारण है तो तुम्हें सभी दिखते हैं और उन्हें देखकर तुम्हारे भीतर करुणा जागती है और जब इस काँच पर चाँदी का लेप हो जाता है, तो तुम केवल स्वयं को देखने लगते हो।"

"तुम्हारा जीवन भी तभी महत्त्वपूर्ण बनेगा जब तुम अपनी आँखों पर लगी चाँदी की परत को उतार दो।"

**121.** संत ने युवक को काँच और दर्पण क्यों दिखाए?

(1) काँच और दर्पण के मूल पदार्थ के बारे में बताने के लिए

(2) सड़क पर आने-जाने वाले लोगों के प्रति दया भाव जाग्रत करने के लिए

(3) युवक को स्वयं का असली चेहरा दिखाने के लिए

(4) यह समझने में युवक की मदद करने के लिए कि उसे क्या करना चाहिए

**122.** "दर्पण में हम दूसरों को नहीं देख सकते।" इस वाक्य का निहितार्थ है—

(1) दर्पण हमें स्वयं तक सीमित कर देता है

(2) दर्पण में तो देखने वाला ही देख सकता है

(3) दूसरों को केवल खिड़की के काँच से देखा जा सकता है

(4) दर्पण का प्रयोग बिल्कुल भी नहीं करना चाहिए

**123.** "...अपनी आँखों पर लगी चाँदी की परत को उतार दो।" इस वाक्य का निहितार्थ है—

(1) चाँदी की परत हानिकारक है, इसे हटा देना चाहिए

(2) निष्पक्ष भाव से चीज़ों, व्यक्तियों, घटनाओं को देखना

(3) आँखों की देखभाल करना ज़रूरी है

(4) ऐश्वर्य, साधनों से दूर रहना चाहिए

**124.** 'स्वयं को देखने लगते हो' का निहितार्थ है

(1) स्वयं को निहारना

(2) हमारी सोच का स्व-केंद्रित होना

(3) स्वयं के गुण-दोषों का विश्लेषण करना

(4) अपनी कमियों को दूर करना

125. 'चाँदी का लेप' हमें क्या नहीं देखने देता?

(1) सड़क पर आने-जाने वाले लोगों को

(2) भीख माँगते गरीब व्यक्ति को

(3) जीवन, संसार की वास्तविकता को

(4) जीवन, संसार की बुराइयों को

126. 'काँच' शब्द के लिए किस विशेषण का प्रयोग किया गया है?

(1) खिड़की

(2) साधारण

(3) मूल पदार्थ

(4) बड़ा

127. 'करुणा' शब्द है

(1) विशेषण

(2) क्रिया

(3) प्रविशेषण

(4) भाववाचक संज्ञा

128. "अब इस दर्पण में देखकर बताओ कि तुम क्या देखते हो।" यह वाक्य है

(1) सरल वाक्य

(2) संयुक्त वाक्य

(3) मिश्र वाक्य

(4) विधानवाचक वाक्य

***निर्देश*** (प्रश्न संख्या **129** से **135**) : नीचे दिए गए गद्यांश को पढ़कर सबसे उचित विकल्प का चयन कीजिए :

बाल-मस्तिष्क की प्रकृति की यह माँग होती है कि बच्चे का बौद्धिक विकास विचारों के स्रोत के पास हो। दूसरे शब्दों में, यह ठोस, वास्तविक बिंबों के बीच और सर्वप्रथम प्रकृति की गोद में हो, जहाँ बच्चा ठोस बिंब को देखे, सुने और फिर उसका विचार इस बिंब के बारे में प्राप्त सूचना के 'संसाधन' के काम में लगे। जब बच्चे को प्रकृति से दूर रखा जाता है, जब बच्चा पढ़ाई के पहले दिन से ही केवल शब्दों के रूप में सारा ज्ञान और बोध पाता है, तो उसके मस्तिष्क की कोशिकाएँ जल्दी ही थक जाती हैं और अध्यापक द्वारा प्रस्तुत काम को निभा नहीं पातीं। और इन कोशिकाओं को तो अभी विकसित, सशक्त, सुदृढ़ होना है। यहीं पर उस बात का कारण छिपा है, जो प्राथमिक कक्षाओं में अक्सर देखने में आती है—बच्चा चुपचाप बैठा अध्यापक की आँखों में आँखें डाले देखता है, मानो बड़े ध्यान से सुन रहा हो, लेकिन वास्तव में वह एक शब्द भी नहीं समझ पाता, क्योंकि बच्चे को नियमों पर सोच-विचार करना पड़ता है, और ये सब अमूर्त, सामान्यीकृत बातें होती हैं।

129. "...वास्तव में वह एक शब्द भी नहीं समझ पाता..." इसका संभावित कारण क्या है?

(1) बच्चों के पास कोई सजीव बिंब नहीं होता

(2) बच्चे मंदबुद्धि होते हैं

(3) बच्चों के पास बहुत सीमित अनुभव होते हैं

(4) शिक्षक बच्चों की बात नहीं सुनते

130. बच्चों को प्रकृति के निकट रखने की बात क्यों की गई है?

(1) प्रकृति में शुद्ध ऑक्सीजन मिलती है

(2) प्रकृति का हरा-भरा वातावरण बच्चों को आकर्षित करता है

(3) बच्चे अपनी इंद्रियों के माध्यम से बिंब बनाते हैं

(4) बच्चे को सबसे ज़्यादा विचार प्राकृतिक वातावरण में ही आते हैं

131. केवल शब्दों के रूप में सारा ज्ञान देना

(1) बाल-मस्तिष्क को प्रखर बनाता है

(2) बाल-मस्तिष्क की प्रकृति के विरुद्ध है

(3) बाल-मस्तिष्क की कोशिकाओं को विकसित करता है

(4) बाल-मस्तिष्क की प्रकृति के अनुकूल है

132. इस गद्यांश के आधार पर आप अपनी कक्षा में क्या करेंगे?

(1) बच्चों को मैदान, वन-बाग़ की सैर कराएँगे

(2) बच्चों पर सीखने का बोझ नहीं डालेंगे

(3) बच्चों के मस्तिष्क को प्रखर बनाने के लिए कठोर परिश्रम करेंगे और बच्चों से करवाएँगे

(4) ऐसे अनुकूल वातावरण का निर्माण करेंगे, जहाँ बच्चों को इंद्रिय अनुभव के अवसर मिल सकें

133. "यहीं पर उस बात का कारण छिपा है, जो प्राथमिक ... आती है।" वाक्य में किस बात की तरफ इशारा किया गया है?

(1) बच्चे का कक्षा में सदैव डर के कारण चुपचाप बैठना

(2) अध्यापक का सदैव बोलना

(3) बच्चे द्वारा अध्यापक की बातों को न समझ पाना

(4) बच्चे द्वारा निरन्तर सोच-विचार करना

134. किस शब्द में 'इक' प्रत्यय का प्रयोग नहीं किया जा सकता?

(1) प्रकृति

(2) ज्ञान

(3) वास्तव

(4) बुद्धि

135. "जब बच्चे को प्रकृति से दूर रखा जाता है...।" वाक्य के रेखांकित अंश में कौन-सा कारक है?

(1) कर्ता कारक

(2) सम्प्रदान कारक

(3) कर्म कारक

(4) अपादान कारक

***निर्देश*** (प्रश्न संख्या **136** से **150**) : सबसे उचित विकल्प का चयन कीजिए :

136. उच्च प्राथमिक स्तर पर व्याकरण-शिक्षण का कौन-सा तरीका सर्वाधिक प्रभावी है?

(1) व्याकरण के बिंदुओं पर एक-एक करके चर्चा करना

(2) पढ़ाए जा रहे पाठ के संदर्भ में आए किसी व्याकरणिक बिंदु को स्पष्ट करना

(3) व्याकरणिक बिंदुओं पर कार्य-पत्रक (वर्कशीट्स) तैयार करके बच्चों को देना

(4) बच्चों को भाषा-प्रयोगशाला में व्याकरणिक कोटियों का अभ्यास कराना

137. उच्च प्राथमिक स्तर पर भाषा सीखने-सिखाने की प्रक्रिया में परिवार, पड़ोस, विद्यालय के साथ-साथ —— अत्यंत महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

(1) पुस्तकालय

(2) शब्दकोश

(3) संचार माध्यम

(4) भाषा-प्रयोगशाला के उपकरण

138. मुहावरे, लोकोक्तियों का प्रयोग

(1) भाषा को अलंकृत करता है

(2) भाषिक अभिव्यक्ति को प्रभावी बनाता है

(3) भाषा-शिक्षण का एकमात्र उद्देश्य है

(4) दूसरों को प्रभावित करने का सरल तरीका है

**139.** उच्च प्राथमिक स्तर पर अपनाई जाने वाली भाषा-शिक्षण युक्तियों में से आप किसे सबसे कम महत्त्व देंगे?

(1) औपचारिक एवं अनौपचारिक पत्र-लेखन

(2) अधूरी कहानी को पूरी कर सुनाना तथा लिखना

(3) उचित गति एवं प्रवाह के साथ पढ़ना

(4) चित्र दिखाकर उस पर आधारित कविता, कहानी लिखना

**140.** 'पढ़ना' के बारे में कौन-सा कथन उचित नहीं है?

(1) अक्षर की विशेष आकृति और उसकी एक खास ध्वनि होती है

(2) पढ़ना उद्देश्यपूर्ण एवं चुनौतीपूर्ण हो

(3) पठन सामग्री का बच्चों की समझ और पूर्वानुभव से संबंध होना चाहिए

(4) सक्षम पाठक प्रत्येक शब्द पर ध्यान देते हैं

**141.** 'अहं-केंद्रित भाषा' की संकल्पना किसके साथ घनिष्ठ रूप से जुड़ी है?

(1) स्किनर

(2) वाइगोत्स्की

(3) चॉम्स्की

(4) पियाजे

**142.** वाइगोत्स्की के अनुसार भाषा सीखने, शब्दों को अर्थ देने में ——— की भूमिका को नकारा नहीं जा सकता।

(1) भाषा-प्रयोगशाला

(2) सामाजिक अंतःक्रिया

(3) विद्यालयी समय

(4) पाठ्यपुस्तकों

**143.** एक भाषा-शिक्षक के रूप में पाठ पढ़ाने के उपरान्त आप निम्नलिखित में से किस प्रकार के प्रश्न को सर्वाधिक महत्त्व देंगे?

(1) गाँधीजी के आचरण ने आदमी में क्या परिवर्तन ला दिया?

(2) गाँधीजी ने पुनः पुराने ब्लॉक में जाने का आग्रह क्यों किया?

(3) गाँधीजी के जीवन, व्यक्तित्व की किन विशेषताओं ने आपको प्रभावित किया है और क्यों?

(4) सत्याग्रही बंदियों को समाचार-पत्र क्यों नहीं मिलते थे?

**144.** रचनात्मक आकलन का सबसे सही तरीका है—

(1) कहानी पढ़कर कोई तीन मिश्रित वाक्य छाँटो

(2) कहानी पढ़कर पाँच मुहावरे छाँटो

(3) कहानी पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दो

(4) कहानी पढ़कर प्रश्न बनाओ

**145.** आलम अक्सर अपनी कक्षा में प्रसंगानुसार सिनेमा, एफ. एम. की चर्चा करता है। इसका प्रमुख कारण है

(1) सभी बच्चों को सिनेमा देखना बहुत पसंद होता है

(2) सभी बच्चों को एफ. एम. पर प्रसारित गीत पसंद होते हैं

(3) सिनेमा और एफ. एम. बच्चों के अनुभव संसार का महत्त्वपूर्ण हिस्सा हैं

(4) बच्चों को संचार-माध्यमों के द्वारा ही पढ़ाया जा सकता है

**146.** भाषा सीखना और भाषा के बारे में सीखना

(1) दो भिन्न संकल्पनाएँ हैं

(2) दो भिन्न संकल्पनाएँ नहीं हैं

(3) विद्यालयी आकलन का सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण हिस्सा है

(4) भाषा-विमर्श का हिस्सा नहीं है

**147.** बच्चों की भाषा-प्रयोग संबंधी त्रुटियों पर अधिक कठोर प्रतिक्रिया व्यक्त करना अथवा उन्हें ही इंगित करते रहना

(1) ज़रूरी है, इससे बच्चों की भाषा में सुधार होता है

(2) बिल्कुल ज़रूरी नहीं है, बच्चे स्वयं ही सब सीख जाएँगे

(3) बच्चों की भाषिक अभिव्यक्ति को अवरुद्ध कर सकता है

(4) भाषा-शिक्षक का परम दायित्व है

**148.** भाषा की कक्षा में विभिन्न संचार-माध्यमों (मुद्रित और अमुद्रित) का प्रयोग

(1) समावेशी कक्षा की आवश्यकताओं को पूरा करने में सहयोग देता है

(2) बच्चों की भाषा के आकलन में अनिवार्य है

(3) शिक्षक को बाकी शिक्षकों से अलग और श्रेष्ठ सिद्ध करता है

(4) भाषा-शिक्षक की कर्तव्यनिष्ठा का द्योतक है

**149.** भाषा-शिक्षण की किस विधि में लक्ष्य भाषा सिखाते समय मातृभाषा का प्रयोग नहीं किया जाता?

(1) व्याकरण विधि

(2) अनुवाद विधि

(3) प्रत्यक्ष विधि

(4) अप्रत्यक्ष विधि

**150.** बच्चों को समृद्ध भाषिक परिवेश उपलब्ध कराने में कौन सहजता से योगदान दे सकता है/सकती हैं/सकते हैं?

(1) कक्षा में प्रदर्शित चार्ट

(2) पुस्तकालय में रखी पुस्तकें

(3) भाषा-प्रयोगशाला के अभ्यास

(4) स्वयं शिक्षक का भाषा-प्रयोग

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ़ कार्य के लिए जगह

**READ THE FOLLOWING INSTRUCTIONS CAREFULLY :**

1. Out of the four alternatives for each question, only one circle for the correct answer is to be darkened completely with Blue/Black Ballpoint Pen on **Side-2** of the OMR Answer Sheet. The answer once marked is not liable to be changed.
2. The candidates should ensure that the Answer Sheet is not folded. Do not make any stray marks on the Answer Sheet. Do not write your Roll No. anywhere else except in the specified space in the Answer Sheet.
3. Handle the Test Booklet and Answer Sheet with care, as under no circumstances (except for discrepancy in Test Booklet Code or Number and Answer Sheet Code or Number), another set will be provided.
4. The candidates will write the correct Test Booklet Code and Number as given in the Test Booklet/Answer Sheet in the Attendance Sheet.
5. Candidates are not allowed to carry any textual material, printed or written, bits of papers, pager, mobile phone, electronic device or any other material except the Admit Card inside the Examination Hall/Room.
6. Each candidate must show on demand his/her Admit Card to the Invigilator.
7. No candidate, without special permission of the Superintendent or Invigilator, should leave his/her seat.
8. The candidates should not leave the Examination Hall without handing over their Answer Sheet to the Invigilator on duty and sign the Attendance Sheet twice. Cases where a candidate has not signed the Attendance Sheet, a second time will be deemed not to have handed over the Answer Sheet and dealt with as an unfair means case. **The candidates are also required to put their left-hand THUMB impression in the space provided in the Attendance Sheet.**
9. Use of Electronic/Manual Calculator is prohibited.
10. The candidates are governed by all Rules and Regulations of the Board with regard to their conduct in the Examination Hall. All cases of unfair means will be dealt with as per Rules and Regulations of the Board.
11. No part of the Test Booklet and Answer Sheet shall be detached under any circumstances.
12. **On completion of the test, the candidate must hand over the Answer Sheet to the Invigilator in the Room/Hall.** ***The candidates are allowed to take away this Test Booklet with them.***

**निम्नलिखित निर्देश ध्यान से पढ़ें :**

1. प्रत्येक प्रश्न के लिए दिए गए चार विकल्पों में से सही उत्तर के लिए OMR उत्तर-पत्र के **पृष्ठ-2** पर केवल एक वृत्त को ही पूरी तरह नीले/काले बॉलपॉइंट पेन से भरें। एक बार उत्तर अंकित करने के बाद उसे बदला नहीं जा सकता है।
2. परीक्षार्थी सुनिश्चित करें कि इस उत्तर-पत्र को मोड़ा न जाए एवं उस पर कोई अन्य निशान न लगाएँ। परीक्षार्थी अपना अनुक्रमांक उत्तर-पत्र में निर्धारित स्थान के अतिरिक्त अन्यत्र न लिखें।
3. परीक्षा पुस्तिका एवं उत्तर-पत्र का ध्यानपूर्वक प्रयोग करें, क्योंकि किसी भी परिस्थिति में (केवल परीक्षा पुस्तिका एवं उत्तर-पत्र के संकेत या संख्या में भिन्नता की स्थिति को छोड़कर) दूसरी परीक्षा पुस्तिका उपलब्ध नहीं करायी जाएगी।
4. परीक्षा पुस्तिका/उत्तर-पत्र में दिए गए परीक्षा पुस्तिका संकेत व संख्या को परीक्षार्थी सही तरीके से हाजिरी-पत्र में लिखें।
5. परीक्षार्थी द्वारा परीक्षा हॉल/कक्ष में प्रवेश-कार्ड के सिवाय किसी प्रकार की पाठ्य-सामग्री, मुद्रित या हस्तलिखित, कागज की पर्चियाँ, पेजर, मोबाइल फोन, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण या किसी अन्य प्रकार की सामग्री को ले जाने या उपयोग करने की अनुमति नहीं है।
6. पूछे जाने पर प्रत्येक परीक्षार्थी, निरीक्षक को अपना प्रवेश-कार्ड दिखाएँ।
7. अधीक्षक या निरीक्षक की विशेष अनुमति के बिना कोई परीक्षार्थी अपना स्थान न छोड़ें।
8. कार्यरत निरीक्षक को अपना उत्तर-पत्र दिए बिना एवं हाजिरी-पत्र पर दुबारा हस्ताक्षर किए बिना परीक्षार्थी परीक्षा हॉल नहीं छोड़ेंगे। यदि किसी परीक्षार्थी ने दूसरी बार हाजिरी-पत्र पर हस्ताक्षर नहीं किए, तो यह माना जाएगा कि उसने उत्तर-पत्र नहीं लौटाया है और यह अनुचित साधन का मामला माना जाएगा। **परीक्षार्थी अपने बाएँ हाथ के अंगूठे का निशान हाजिरी-पत्र में दिए गए स्थान पर अवश्य लगाएँ।**
9. इलेक्ट्रॉनिक/हस्तचालित परिकलक का उपयोग वर्जित है।
10. परीक्षा हॉल में आचरण के लिए परीक्षार्थी बोर्ड के सभी नियमों एवं विनियमों द्वारा नियमित हैं। अनुचित साधनों के सभी मामलों का फैसला बोर्ड के नियमों एवं विनियमों के अनुसार होगा।
11. किसी हालत में परीक्षा पुस्तिका और उत्तर-पत्र का कोई भाग अलग न करें।
12. **परीक्षा सम्पन्न होने पर, परीक्षार्थी कक्ष/हॉल छोड़ने से पूर्व उत्तर-पत्र निरीक्षक को अवश्य सौंप दें।** ***परीक्षार्थी अपने साथ इस परीक्षा पुस्तिका को ले जा सकते हैं।***